■ माघ शुक्ल - 7 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 173 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 17-01-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

||श्री गणेशाय नमः|| ||श्री श्यामदेवाय नमः|| ||श्री हनुमंते नमः||

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा







हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा

बेंगलूरु श्याम सरकार

## श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट (रजि.) बेंगलूरु

अखंड ज्योत | फूलों से श्रृंगार

## 11 वां वार्षिक उत्सव

छप्पन भोग | महाप्रसाद



## गुरुवार 18 जनवरी 2024

### ❊ निशान यात्रा ❊

प्रात : 9 बजे से
रामसीसरिया गौशाला से
श्री खाटूश्याम मंदिर, बन्नरघट्टा रोड, बेंगलूरु



## श्री श्याम भजन संध्या

दोपहर 3 बजे से

आमंत्रित भजन प्रवाहक



**परम पूज्य श्री नंदू भैया जी**

भक्तो ने हिलमिलकर उत्सव मनाया है,
बस कमी आपकी श्याम आ जाईये .....
पलके ही पलके बिछायेंगे
जिस दिन श्याम प्यारे घर आयेंगे .....



कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है .....

आमंत्रित भजन प्रवाहक



**आदरणीय श्री राजू खंडेलवाल**

यो सवारियो बेठो है,
जो लनो हो वो मांगले .....
जब से देखा तुम्हे जाने क्या हो गया
ओ खाटू वाले श्याम मैं तेरा हो गया .....

### ❊ महत्वपूर्ण सूचनाएँ ❊

* मंदिर के बाद नेशनल पार्क पार्किंग क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कृपया अपना वाहन वहां निःशुल्क पार्क करें।
* मंदिर के गलियारे को साफ-सुथरा रखने में मंदिर का सहयोग करें।
* निशान यात्रा और महाप्रसाद में अनुशासन बनाए रखें।
* असुविधा से बचने के लिए अपने जूते अपने वाहनों में रखें।

मैजेस्टिक, शांतिनगर, डेयरी सर्कल से बस नं. 365

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 98452 07431, 93419 44979, 98451 82435

**सभी श्याम भक्त एवं ट्रस्टीगण अपने परिवारजनों व मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं**

श्री श्याम मंदिर के वार्षिक उत्सव की झलकियाँ .....













|| जय श्री श्याम || || जय श्री श्याम || || जय श्री श्याम || || जय श्री श्याम || || जय श्री श्याम || || जय श्री श्याम || || जय श्री श्याम || || जय श्री श्याम || || जय श्री श्याम ||

## मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के चोलुरपाल्या क्रिकेटर्स द्वारा चोलुरपाल्या खेल मैदान में शॉर्ट पिच क्रिकेट प्रतियोगिता 'अप्पू कप' का आयोजन किया गया। दो दिन चले इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित महेन्द्र मुणोत ने मैदान में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।

## प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



उत्तर कर्नाटक की 10 वॉलीबाल टीमों ने राजस्थानी समाज द्वारा मुधोल में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जमखंडी, मुधोल, विजयपुर,महालिंगपुर, रामदुर्ग, गोकाक, बनहटी, हुब्बल्ली आदि टीमों ने भाग लिया। जमखंडी की टीम विजेता तथा हुब्बल्ली की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता के आयोजन में भोपालसिंह राजपुरोहित, ओमाराम पटेल, हीराराम जाट, कस्तूरराम पटेल, जबरसिंह सहित अनेक सदस्यों का सहयोग रहा।

## समाज सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



हुब्बल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता व आंजणा पटेल समाज के वरिष्ठ सदस्य किशोर पटेल परिवार ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आरएसएस के सेवा भारती ट्रस्ट के शिक्षारत बालिकाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। सामग्री के साथ तिल के लड्डू, बिस्कुट, चॉकलेट, फल दिए गए। सवाराम फताराम सीयाकरा परिवार ने पाठ्य सामग्री वितरित की।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तेरापंथ सभा गांधीनगर द्वारा संचालित ज्ञानशाला के अंतर्गत केंगेरी ज्ञानशाला में रविवार मकर संक्रांति के मौके पर प्रोत्साहन पुरस्कार सम्मान का आयोजन किया गया। तुलसी निकेतन समिति उदयपुर के अध्यक्ष सुरेश दक ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष कमल दुगड़ व सुवालाल दक ने अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन में केंगेरी ज्ञानशाला की संयोजिका पूनम दक ने संचालन किया। प्रशिक्षिका सीमा दक, नीलम दक, दीपिका दक, प्रेरणा दक ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया।



# भाजपा समर्थक मंच 'राम दीपोत्सव' के लिए बांट रहा है एक लाख मिट्टी के दीपक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अयोध्या में भगवानश्री राम प्राण प्रतिष्ठापना के मौके पर भारतीय जनता पार्टी समर्थक मंच के सदस्यो ने 'पांच दीप श्रीराम के नाम' अभियान के तहत एक लाख दीप वितरण करने का लक्ष्य बनाया है। बसवनगुड़ी के विधायक रवि सुब्रमण्यम, समर्थक मंच के प्रदेश अध्यक्ष नितेश शरण आदि ने एक थाली में पांच दीये, बत्ती, तेल, कुमकुम वितरण अभियान की शुरुआत की तथा श्रद्धालुओं को राम दीपोत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया।

महिला मोर्चा की राज्य संगठन महासचिव डॉ. ममता ने बताया कि पूरे बेंगलूरु में 22 जनवरी से पहले एक लाख दीपों का वितरण कर दिया जाएगा। मंच के साउथ के अध्यक्ष तक्ष कुमार ने योजना और कार्यान्वयन की जिम्मेदारी ली तथा विभिन्न टीम बनाकर शहर भर में इसका वितरण किया जा रहा है।





# शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में विजय संभव फाउंडेशन ने किए अनेक कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। विजय संभव फाउंडेशन ने केएस गवर्नमेंट मॉडल प्राइमरी विद्यालय ईमादाहल्ली में बृहत नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें 850 बच्चों व कर्मचारियों की आंखों की जांच की गई। करीब तीस बच्चों को पॉवर वाले चश्में दिए जाएंगे। इसके अलावा फाऊंडेशन ने नीड बेस इंडिया के अनाथालय 60 अनाथ बच्चों को भोजन करने के लिए थाली, गिलास और चम्मच उपलब्ध कराए। इन कार्यक्रमों में फाउंडेशन के चेयरमैन रवि राजहंस, मुख्य सदस्य सोनल कीर्ति,नीतिश नाथ सहित अनेक सदस्यों ने सहयोग दिया।

एक अन्य कार्यक्रम में फाउंडेशन ने वृंदावन कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग और नेशनल कैडेट कॉर एनसीसी के साथ मिलकर 'बौद्धिक संपत्ति अधिकारों' विषय पर चर्चा का आयोजन किया। इस आयोजन में कानूनी सलाहकार सोनल कीर्ति ने प्रवीण पेटेंट पेशेवर और भारतीय पेटेंट एजेंट के रूप में अपने अनुभव की प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपत्ति अधिकारों पर चर्चा एक महत्वपूर्ण कदम है जो आईपीआर जागरूकता के अंतर्निहित सिद्धांतों को समझने और शैक्षणिक और उद्यमिता समुदाय में नवाचार और सुरक्षा की सांस्कृतिक को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कॉलेज के निदेशक, डॉ. एआर. वेणुगोपाल, प्रमुख, डॉ. बागप्पा ने फाउंडेशन के चेयरमैन रवि राजहंस व सोनल कीर्ति कर सम्मान किया।



# संसार में मृत्यु सत्य शाश्वत है : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिकमंगलूर। शहर के नमिनाथ जैन संघ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि इस संसार में मृत्यु शाश्वत है। जो आया है उसे एक दिन इस दुनिया से वापस जाना ही होगा। परन्तु जो व्यक्ति अपने आने और जाने के बीच के समय में अच्छे कार्य करता हुआ अपना जीवन सार्थक करता है उसका जीवन ही सही मायने में सत्य होता है। जीवन एक खुली किताब के समान होती है जिसका प्रारंभ और अंत है तथा मध्य के पेज कोरे है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम उन कोरे पेजों में क्या लिखते हैं और अपनी किताब को कितना सुन्दर बनाते हैं। हमारे जीवन का कल्याण हमारे स्वयं के हाथ में है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने लेपाक्षी के वीरभद्र मंदिर में की पूजा-अर्चना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**लेपाक्षी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश में सत्यसाई जिले के लेपाक्षी में स्थित ऐतिहासिक वीरभद्र मंदिर में मंगलवार को पूजा-अर्चना की।

प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भव्य राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठा) समारोह से ठीक छह दिन पहले मंदिर में विशेष पूजा की जिसका रामायण और हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। एक आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित वीडियो के अनुसार, मोदी ने भगवान राम की स्तुति में भजन गाए और तेलुगू में भगवान की स्तुति में गाए गए विशेष भजन सुने।

प्रधानमंत्री ने हिंदू महाकाव्य रामायण पर आधारित एक कठपुतली शो भी देखा जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता और रावण को दर्शाया गया। कई गाइड ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंदिर के संबंध में विशिष्ट जानकारी साझा की। पौराणिक कथाओं के अनुसार, लेपाक्षी वह स्थान है जहां पौराणिक गिद्ध जटायु सीता का अपहरण करने वाले रावण द्वारा किये गये हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद गिरे थे।

अंतिम सांस लेने से पहले जटायु ने भगवान राम को बताया था कि सीता को वास्तव में रावण दक्षिण की ओर ले गया था। इसके बाद भगवान राम ने जटायु को मोक्ष प्रदान किया।

प्राचीन लेपाक्षी मंदिर परिसर अपनी पौराणिक भव्यता के लिए प्रसिद्ध है और इसमें भगवान शिव, विष्णु, पापनाथेश्वर, रघुनाथ, राम और अन्य देवताओं को समर्पित मंदिर भी हैं।

लेपाक्षी से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के नासिक में श्री काला राम मंदिर का दौरा किया था। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने नासिक में गोदावरी नदी के तट पर पंचवटी का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने काला राम मंदिर में पूजा-अर्चना की और रामायण में वर्णित भगवान राम के अयोध्या आगमन (अयोध्या आगमन) के बारे में मराठी छंद सुने।

# सिंधिया ने कोहरे से संबंधित व्यवधानों से निपटने के लिए और अधिक उपायों की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कोहरे के कारण उड़ानों में व्यवधान के बीच नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दिल्ली, एवं चार अन्य मेट्रो हवाई अड्डों से इन घटनाओं के बारे में दिन में तीन बार रिपोर्ट देने को कहा है । इसके साथ ही इन हवाई अड्डों के साथ-साथ एयरलाइन भी यात्रियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए 'वार रूम' स्थापित करेंगी।

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इन हवाई अड्डों पर चौबीसों घंटे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहें।

पिछले कुछ दिनों में, कोहरे के कारण उड़ान में देरी के बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर एक यात्री द्वारा इंडिगो के पायलट पर हमला किए जाने और इंडिगो के एक विमान के यात्रियों के मुंबई हवाई अड्डे के 'टरमैक' पर बैठने की घटनाएं हुई हैं। इस पृष्ठभूमि में, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सोमवार को मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी कीं। इससे पहले सिंधिया ने कहा था कि सभी हितधारक कोहरे से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। सिंधिया ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सभी छह मेट्रो हवाई अड्डों के लिए प्रतिदिन तीन बार घटनाओं के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलूरु, चेन्नई और कोलकाता मेट्रो हवाई अड्डे हैं। मंत्री ने कहा कि यात्रियों की असुविधा के संबंध में किसी भी मुद्दे का तुरंत समाधान करने के लिए छह मेट्रो हवाई अड्डों पर एयरलाइन संचालकों और हवाई अड्डों द्वारा 'वार रूम' स्थापित किए जाएंगे।

# राम मंदिर का शिलान्यास तब किया गया जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे: शरद पवार



**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को दावा किया कि अयोध्या में राम मंदिर का 'शिलान्यास' तब किया गया था जब राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। पवार कर्नाटक के निपानी में एक सार्वजनिक बैठक में बोल रहे थे। अयोध्या में राम मंदिर में रामलाला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''राजीव गांधी के कार्यकाल में शिलान्यास (पहला पत्थर रखना) किया गया था, लेकिन आज भाजपा और आरएसएस की ओर से भगवान राम के नाम पर राजनीति की जा रही है।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 11 दिवसीय उपवास (व्रत) रखने पर पवार ने कहा, ''राम के प्रति उनकी श्रद्धा का मैं सम्मान करता हूं, लेकिन यदि उन्होंने गरीबी को मिटाने के लिए उपवास रखने का फैसला किया होता तो जनता ने इसे सराहा होता।''

# 'स्टार्टअप इंडिया' पीएम के लिए प्रचार पाने का साधन बना: खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के लिए 'स्टार्टअप इंडिया' प्रचार पाने का एक साधन बन गया है और नरेन्द्र मोदी सरकार 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' का ढोल पीट रही है जबकि यह अपेक्षित नतीजे देने में विफल रहा है।

खरगे ने यह भी पूछा कि सरकार ने देश के मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में से 97.5 फीसदी को कर लाभ क्यों नहीं दिए।

कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, मोदी सरकार ढोल पीट रही है और हमसे राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाने के लिए कह रही है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2016 में 'स्टार्टअप इंडिया' की शुरुआत किए जाने के बाद से ही हमारे स्टार्टअप उद्यमियों, सर्जनात्मक लोगों और हमारे बेरोज़गार युवाओं को निराशाजनक स्थिति में पहुंचा दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तीन सवाल पूछना चाहती है -- भाजपा ने 2019 के अपने घोषणापत्र में 'स्टार्टअप सीड फंड' के लिए 20,000 करोड़ रुपये का वादा किया। उसका क्या हुआ? सच्चाई: उन्होंने इसके लिए मात्र 525.27 करोड़ रुपये मंजूर किए और यह भी 2021-22 से शुरू होने वाली चार साल की अवधि के लिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा, क्या यह सच है कि सिर्फ बीते दो साल में स्टार्टअप में काम करने वाले एक लाख लोगों ने अपनी नौकारियां गंवा दी हैं? हम उन पर कोविड-19 लॉकडाउन के प्रभाव की गिनती तक नहीं कर रहे हैं। इसमें हैरत की बात नहीं है कि स्टार्टअप का वित्तपोषण पांच साल में सबसे कम है। उन्होंने यह भी पूछा कि सरकार ने देश के मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में से 97.5 फीसदी को कर लाभ क्यों नहीं दिए। खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार ने लगभग हर बजट में वादा करने के बावजूद सिर्फ 2,975 स्टार्टअप को किसी तरह का कर लाभ दिया।

# कश्मीर में सुरक्षा स्थिति अच्छी, पूर्ण शांति के लिए कुछ और प्रयास की जरूरत: घई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बारामूला (जम्मू कश्मीर)/भाषा।** सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यहां कहा कि कश्मीर में सुरक्षा स्थिति अच्छी है, लेकिन पूर्ण शांति हासिल करने के लिए अभी कुछ और प्रयास किए जाने की जरूरत है।

सेना की 15वीं कोर या चिनार कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने यहां जनरल बिपिन रावत स्पोर्ट्स स्टेडियम के उद्घाटन समारोह के मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि घाटी में सुरक्षा स्थिति अच्छी है। उन्होंने कहा, ''उस बारे में बोलने का मौका नहीं है, लेकिन स्थिति अच्छी है। आपने हमारे सैन्य कमांडर (सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी) को भी इस बारे में बोलते हुए सुना है। सुरक्षा स्थिति अच्छी है, लेकिन फिर भी, (पूर्ण शांति के लिए) कुछ और प्रयास करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि कश्मीर आगे बढ़ रहा है और घाटी के युवाओं का उज्ज्वल भविष्य है। मादक पदार्थ-आतंकवाद के बारे में सवाल पर कोर कमांडर ने कहा कि सेना उस दिशा में काम कर रही है और आतंकवाद के उस पहलू को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
PURVA BLUE BELLE
Adjacent to Magadi Road Metro Station
(Purple lane) Rajajinagar
3 Bedroom Jodi units
5 Bedroom + Servant room with all
Luxurious Amenities.
Direct metro from here to ITPL (white field) /
KR PURAM/ BYYAPPANAHALLI .
Very good Convenience
those who are working above areas.
Only few units left for Sale.
Contact Owner: 9844027560

# मुंबई हवाई अड्डा घटना: बीसीएएस ने इंडिगो, एमआईएएल को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली/भाषा।** विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने रविवार को मुंबई हवाई अड्डे के 'टरमैक' पर यात्रियों के खाना खाने की घटना पर इंडिगो और हवाई अड्डा संचालक एमआईएएल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। रविवार को लंबी देरी के बाद जैसे ही मार्ग परिवर्तन वाली गोवा-दिल्ली उड़ान मुंबई हवाई अड्डे पर उतरी, कई यात्री इंडिगो के विमान से बाहर निकल आए, 'टरमैक' पर बैठ गए तथा कुछ को वहां खाना खाते हुए भी देखा गया। इस बीच, कोहरे के कारण उड़ान में व्यवधान के मद्देनजर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दिल्ली, मुंबई और 4 अन्य मेट्रो हवाई अड्डों से दिन में तीन बार घटनाओं के बारे में जानकारी देने को कहा है।

# पन्नू ने पंजाब के 'गैंगस्टर' से एसएफजे में शामिल होने व मान को ध्वजारोहण से 'रोकने' को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** घोषित आतंकवादी जीएस पन्नू ने मंगलवार को पंजाब के 'गैंगस्टर' से प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) में शामिल होने और मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत अन्य शीर्ष नेताओं को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने से रोकने के लिए कहा है। इसी के साथ पन्नू ने पंजाब के मुख्यमंत्री मान और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव को परोक्ष रूप से धमकी दी। कुछ पत्रकारों को भेजे गए एक ईमेल और 'पीटीआई-भाषा' को प्राप्त दो वीडियो में पन्नू ने मान की तुलना पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह से की, जिनकी 31 अगस्त, 1995 को एक बम विस्फोट में हत्या कर दी गई थी। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' द्वारा किये गये बम धमाके में 17 अन्य लोगों की भी जान चली गई थी। पन्नू ने पंजाब पुलिस के महानिदेशक यादव की तुलना पुलिस अधिकारी गोबिंद राम से की जिनकी 1990 में एक बम विस्फोट में मृत्यु हो गई थी।

पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर कहा कि पन्नू और उसके संगठन ने पहले भी धमकियां जारी की हैं और राज्य में सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीआईपी) की 'कड़ी सुरक्षा' सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरती गई है। पन्नू के एक अन्य कथित वीडियो में, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना सुरक्षा के गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने की चुनौती देते हुए दिख रहा है।

वीडियो में वह कथित तौर पर कह रहा है, ''मैं मोदी को चुनौती देता हूं, आप अपनी सुरक्षा के बिना दिल्ली आएं। यदि आप लोकप्रिय नेता हैं, तो गणतंत्र दिवस पर बिना सुरक्षा के आएं। एसएफजे खालिस्तान का झंडा फहराकर शहीद निज्जर की हत्या का बदला लेगा।'' निज्जर की कनाडा के सरे के एक गुरुद्वारे में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। एक अन्य वीडियो में पन्नू ने पंजाब के 'गैंगस्टर' से एसएफजे में शामिल होने, खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह में भाग लेने और मुख्यमंत्री मान को गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराने से रोकने के लिए कहा। इसमें उसने गैंगस्टर से कहा कि वह उन्हें 'शहीद' की मान्यता देगा।

माघ शुक्ल - 7 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 173 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | बेंगलूरु » बुधवार » 17-01-2024 | www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 हमें जिम्मेदारी के साथ परंपराओं को संरक्षित करना है : हिमंत

6 सदैव प्रेरणा देते रहेंगे गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

7 दुनिया की समस्याओं को दूर करने के लिए सभी साथ आएं : ट्रंप




## फर्स्ट टेक

### रूस के वोरोनिश शहर में आपातकाल की घोषणा

**मास्को/एजेन्सी।** यूक्रेन की ओर से किये गये ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोनिश शहर में मंगलवार को आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई। मेयर वादिम कस्टेनिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, हमले से प्रभावित लोग, क्षतिग्रस्त मकान और चल संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन एक आयोग करेगा।श्री कस्टेनिन ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को पास के एक स्कूल में शरण दी गयी है और उन्हें सभी अनिवार्य सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। इससे पहले, वोरोनिश क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने कहा कि रूसी वायु रक्षा बलों ने वोरोनिश पर यूक्रेनी ड्रोन के हमले को विफल कर दिया। इस दौरान, कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और एक बालिका (11) घायल हो गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वोरोनिश क्षेत्र में तीन यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया।

### हाउती को सहायता प्रदान कर रहा है आईआरजीसी : अमेरिका

**वाशिंगटन/एजेन्सी।** अमेरिका ने आरोप लगया है कि ईरान का इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) यमन में हाउती विद्रोहियों को सहायता पहुंचा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेमाफोर समाचार पोर्टल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि आईआरजीसी ने यमन में ड्रोन और मिसाइलों के प्रशिक्षकों तथा ऑपरेटरों के साथ-साथ हाउतियों को सामरिक खुफिया सहायता प्रदान करने वाले कर्मियों को भी तैनात किया है। ईरान की सेना ने यमन में कथित तौर पर लड़ाकू ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और हाउतियों के लिए मध्यम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें भेजी हैं, जिनका उपयोग लाल सागर में जहाजों पर हमला करने के लिए किया गया। अधिकारियों के अनुसार लाल सागर में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन द्वारा व्यापारी जहाजों को निशाना बनाया जाता है। समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार यमन में आईआरजीसी बलों की कमान कथित तौर पर जनरल अब्दुल रजा शाहलाई के पास है।

| 17-01-2024 | 18-01-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:13 बजे | सूर्योदय 6:46 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,128.77 | 22,032.30 |
| (-199.16) | (-65.15) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,571 रु. | 73,894 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### आवारा पशुधन

बाधित हैं सारे राजमार्ग,
सड़कों पर बैठा है पशुधन।
आवारा गौ और वत्स त्रस्त,
बिन मालिक फिरते हैं वन-वन।
पाले अब इनको कौन व्यर्थ,
पर्याप्त नहीं है संसाधन।
नित होती दुर्घटनाओं से,
आतंकित है सारा जन-मन।।



## विकसित राष्ट्र बनने के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी : मुर्मु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है।

श्रीमती मुर्मु ने आज मेघालय के तुरा में बलजेक हवाई अड्डे पर स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने तुरा में नए एकीकृत प्रशासन परिसर की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने कहा , देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है। देश की महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं और प्रत्येक क्षेत्र में अन्य महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। चाहे वह क्षेत्र रक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, शिक्षा, उद्यमिता, कृषि या कोई अन्य कोई भी क्षेत्र हो। महिलाओं को केवल कुछ प्रेरक शब्दों, प्रोत्साहन और अच्छे कार्यों पर सराहना की आवश्यकता है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि महिला नेतृत्व-विकास का विचार तभी लागू किया जा सकता है जब महिलाओं को अपनी पसंद का चयन करने की स्वतंत्रता मिले। आर्थिक स्वतंत्रता के साथ, यह कुछ हद तक संभव हो पाया है। आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि महिलाएं देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से और बड़ी संख्या में योगदान दें। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए कई कार्य किए गए हैं।

## छह महानगरों के हवाईअड्डों पर 'वॉर रूम' स्थापित करने का निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कोहरे से उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए यात्रियों की असुविधा का तुरंत समाधान करने के लिए देश के छह महानगरों के हवाईअड्डों पर 'वॉर रूम' स्थापित करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए सभी एयरलाइनों को कल मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई। इन एसओपी के अलावा सभी छह मेट्रो हवाई अड्डों-दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु से प्रतिदिन तीन बार स्थिति की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्रालय के अनुसार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) निर्देशों, एसओपी और सीएआर के कार्यान्वयन की नियमित रूप से निगरानी और रिपोर्ट की जाएगी। यात्री असुविधा के संबंध में किसी भी मुद्दे का तुरंत समाधान करने के लिए छह मेट्रो हवाई अड्डों पर हवाई अड्डों और एयरलाइन ऑपरेटरों द्वारा 'वॉर रूम' स्थापित किए जाएंगे।

मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा संबंधी जरूरतों के लिए चौबीसों घंटे पर्याप्त केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे 29 एल पर आज कैट 3 चालू कर दिया गया है। इसके अलावा री-कार्पेटिंग के बाद दिल्ली हवाई अड्डे के रनवे 10/28 पर भी कैट 3 का क्रियान्वयन किया जाएगा।

## भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई राजग सरकार की शीर्ष प्राथमिकता : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है।

**पालासमुद्रम (आंध्र प्रदेश)/एजेन्सी।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुये कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक - एक पैसा उनकी भलाई में लगे और उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है।

मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। इसलिए सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुये कहा कि आजकल पूरा देश राममय है। रामजी की भक्ति में सराबोर है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार और आस्था भक्ति के दायरे से कही ज्यादा है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रामराज में कर कैसे लिया जाता था, इस पर स्वामी तुलदीदास ने कहा है कि सूर्य पृथ्वी से जल खींचता है और वही जल वारिश बन कर धरती पर आता है। उन्होंने कहा, हमारी कर व्यवस्था भी वैसे ही होनी चाहिए। जतना से गयी पाई-पाई जनता की भलाई में लगे। पिछले 10 वर्षों में कर व्यवस्था में व्यापक पैमाने पर सुधार किये गये हैं। पारदर्शिता के अभाव में कारोबारियों को परेशान किया जाता था। जीएसटी के रूप में एक आधुनिक व्यवस्था दी गयी है।

## तटरक्षक बल ने 182 तीर्थयात्रियों को बचाया

**नई दिल्ली/वार्ता।** भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के काकद्वीप में खराब मौसम के कारण फंसी नौका पर सवार 182 तीर्थयात्रियों को त्वरित कार्रवाई कर बचा लिया। 'स्वास्थ्य साथी' नाम की यह नौका करीब 400 तीर्थयात्रियों को गंगा सागर मेले से काकद्वीप ले जाते समय अत्यंत खराब मौसम के कारण फंस गयी थी। तटरक्षक बल को दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट से इस नौका के फंसने के बारे में संदेश मिला था। बल की संचालन टीम संदेश मिलने के बारद तुरंत कार्रवाई में जुट गई और सहायता प्रदान करने के लिए हल्दिया और सागर द्वीप से दो एयर कुशन वाहन (होवरक्राफ्ट) भेजे। होवरक्राफ्ट ने 182 तीर्थयात्रियों को निकाला और शेष तीर्थयात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक ले जाने के लिए नौका को सही रास्ते पर रवाना किया। तटरक्षक बल ने वार्षिक मेले के दौरान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पहले से ही विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर समुद्री इकाइयों को तैनात किया था। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जेमिनी बोट के साथ गोताखोरों की एक त्वरित जीवनरक्षक टीम भी मेला स्थल पर तैनात है।

## बाबरी मस्जिद की हिमायती कांग्रेस ने वर्षों रामलला को टेंट में रखा : अनुराग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मंगलवार को कहा कि बाबरी मस्जिद की हिमायती कांग्रेस ने वर्षों तक रामलला को टेंट में रखने का पाप किया है।

ठाकुर ने आज यहां कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा मंदिर परिसर की साफ सफाई करके श्रमदान किया। उन्होंने कहा, श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में अब मात्र छह दिन शेष हैं। प्रभु श्री राम के आगमन की खुशी में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आग्रह पर आज पूरा देश राममय होकर अपने आसपास के क्षेत्रीय मंदिरों में साफ- सफाई कर रहा है। इसी का अनुसरण करते हुए मैं भी आज यहाँ प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में श्रमदान करके अनुगृहीत हुआ। मैं सभी लोगों से अनुरोध करता हूं कि इस स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मंदिर परिसरों में गंदगी फैलाने से बचें और कूड़ेदान का प्रयोग अवश्य करें।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, कांग्रेस ने वर्षों तक हमें भगवान श्री राम को टेंट में रखने को विवश किया था। यह वही लोग हैं, जिन्होंने श्री राम और रामसेतु को काल्पनिक बताया था। फिर से बाबरी मस्जिद के निर्माण का वादा किया था। राम मंदिर ना बने इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की थी, लेकिन करोड़ों राम भक्तों और कार्यकर्ताओं के संघर्ष की बदौलत आज 500 वर्षों की प्रतीक्षा का अंत हो रहा है। यह तारीख पूछने वालों को करारा जवाब है। हमने तारीख, स्थान और समय के साथ-साथ उन्हें निमंत्रण भी भेज दिया है। आज यह इधर-उधर भाग रहे हैं, ताकि इन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न जाना पड़े। पहले यह कह रहे थे कि हमें निमंत्रण नहीं मिला और अब निमंत्रण मिल गया है, तो अलग बहाने बना रहे हैं। इन्होंने पहले राम मंदिर के निर्माण को लटकाया और अब जनता को भटकाने और भड़काने का काम कर रहे हैं।

### ज्ञानवापी मस्जिद विवाद:

## उच्चतम न्यायालय ने दी सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी सफाई की अनुमति

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** उच्चतम न्यायालय ने विवादित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी की सफाई के लिए वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश देने की कुछ हिंदू महिलाओं की एक याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली।



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका स्वीकार की। पीठ ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को संज्ञान में लिया कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। मुस्लिम पक्ष के वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी ने पीठ के समक्ष कहा कि उनके मुवक्किल को पानी टंकी की सफाई को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। प्रशासन को सफाई करने दें।

इसके बाद पीठ ने निर्देश दिया कि पानी की टंकी की सफाई इस अदालत के पिछले आदेशों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन वाराणसी की देखरेख में की जानी चाहिए। इस मामले में दाखिल याचिका में अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने महिलाओं की ओर से अदालत से गुहार लगाते हुए कहा कि 16 मई 2022 को सर्वे होने के बाद पानी की टंकी की सफाई नहीं हुई है।

याचिका में कहा गया, पानी की टंकी में मछलियाँ 20.12.2023 और 25.12.2023 के बीच मर गई हैं। इसी वजह से टंकी से दुर्गंध आ रही है। याचिका में यह भी आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता अंजुमन इंतेज़ामिया मछलियों की उस स्थिति के लिए ज़िम्मेदार है, जिसके कारण उनकी मृत्यु हुई है।

## अब भारत को दुनिया में मजबूत और शक्तिशाली देश माना जाता है : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में यह धारणा बदल गई है कि भारत एक कमजोर देश है और अब इसे मजबूत तथा शक्तिशाली देश माना जाता है।

अपने निर्वाचन क्षेत्र में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि देश के बाहर यह धारणा कि भारत कमजोर है, अब बदल चुकी है। उन्होंने कहा, ''अब कोई भी भारत को कमजोर नहीं मानता। अब हमें मजबूत और शक्तिशाली देश के रूप में देखा जाता है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है।'' उन्होंने कहा, ''जब देश और देशवासी मजबूत होंगे तो दुनिया की कोई भी ताकत हमें आंख दिखाने की हिम्मत नहीं कर सकती।'' उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार है जब कोई सरकार लोगों के घर-घर पहुंचकर उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा, ''अगर किसी पात्र को योजनाओं का लाभ नहीं मिलता तो हमारे प्रधानमंत्री चिंतित हो जाते हैं। वह हमसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहते हैं कि हमारे निर्वाचन क्षेत्रों में लाभार्थियों तक योजनाएं पहुंचनी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि जब मोदी प्रधानमंत्री बने तो भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें स्थान पर थी और अब पांचवें स्थान पर है।

राजधानी के सांसद ने कहा, ''अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यह मोदी का करिश्मा है और अगर सब कुछ इसी तरह चलता रहा तो भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2027 तक दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगी और 2047 तक सबसे ऊपर होगी।''



## ईरान ने पाकिस्तान के अंदर मिसाइल हमले किए

**तेहरान/एपी।** ईरान ने आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के पाकिस्तान के अंदर स्थित ठिकानों पर मंगलवार को हमले किए। सरकारी समाचार एजेंसी 'ईरना' ने कहा कि हमले के लिए मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। पाकिस्तान ने तत्काल हमले की बात स्वीकार नहीं की है। जैश अल-अदल सुन्नी आतंकवादी समूह है जो मुख्यत: पाकिस्तान से अपनी गतिविधियों को अंजाम देता है।

### उत्तरी इराक और सीरिया में हमले किए

ईरान ने इरबिल में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास एक इलाके पर मिसाइल हमलों के तुरंत बाद एक ''जासूसी मुख्यालय और ईरान विरोधी आतंकवादी समूहों के जमावड़े'' पर हमले किए। ईरान ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुर्द क्षेत्रीय सरकार की सुरक्षा परिषद ने कहा कि इन हमलों में चार मारे गए और छह लोग घायल हो गए।





# भारत की गति से दुनिया अचंभित : धनकड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने मंगलवार को कहा कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भारत बहुत बदल गया है एवं जिस गति से भारत आगे बढ़ रहा है उससे दुनिया अचंभित है। धनकड़ राजस्थान विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, ...राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भारत इतना बदल गया है और विश्व में ऐसा नाम हो गया है कि अब हम किसी देश के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था के लिहाज से दुनिया में पांचवीं महाशक्ति होना कोई छोटा काम नहीं है। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति है। हमने कनाडा, फ्रांस को पीछे छोड़ दिया है। हमने उनको पीछे छोड़ा है जिन्होंने सदियों तक हम पर राज किया। आने वाले दो तीन–साल में भारत... जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी आर्थिक महाशक्ति होगी। धनकड़ ने विधानसभा सदस्यों से कहा, इस सबका निर्माण सदन करता है। इस बहुत बड़े हवन में आपका, आपके नेतृत्व, आपकी नीति का योगदान है और आम आदमी का भी योगदान है। आपके सामने चुनौती ज्यादा है। जिस गति से भारत आगे बढ़ रहा है... उससे दुनिया अचंभित है। दुनिया सोच नहीं पाई कि क्या भारत कभी ऐसा हो सकता था।

उन्होंने कहा,हम जब लोकसभा में थे, केंद्र में मंत्री थे , तब हमने कभी कल्पना नहीं की थी, कभी सोचा नहीं था कि भारत का बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिकी विकास इस स्तर का होगा। यह हर भारतीय के खून–पसीने का नतीजा है। नीतियों और समर्पण की भावना से ऐसा हुआ है। किसी भी विकास की गंगा की शुरुआत विधायिका से होती है। विधायिका का सबसे प्रमुख कर्तव्य है कि वह कार्यपालिका और न्यायपालिका दोनों को सही दृष्टिकोण में रखे।

उन्होंने कहा, कार्यपालिका को कटघरे में रखना, उसे सही रास्ता दिखाना, नियम के अनुसार उसका कामकाज सुनिश्चित करना– यह सदन का कर्तव्य है। यदि अगर सरकार को आइना दिखाया जाएगा तो सरकार के लिए वह बहुत लाभकारी होगा। मेरे कहने का मतलब यह है कि सदन के अंदर जो हम कार्यवाही करते हैं, उसका असर प्रांत में नहीं, प्रांत के बाहर भी पड़ता है। संविधान सभा की कार्यवाही का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, संकेत साफ है: सरकार सत्ता में है, पर सदन को चलाना और राज्य को दिशा देना (सत्ता) पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। (सत्ता) पक्ष सुझाव दे सकता है। पर प्रतिपक्ष जो सुझाव दे, उन पर ज़्यादा गहराई से चिंतन किया जाए। यह मेरा मानना है। उन्होंने कहा, आज का परिदृश्य चिंता और चिंतन का है।

आज बाहर जाकर पता लगा लीजिए, विधायिका का आचरण देखकर लोग चिंतित हैं। अनुकरणीय आदर्शवादी आचरण जिनका होना चाहिए, उनका आचरण जनता की नजर में कई बार ठीक विपरीत है। धनकड़ ने कहा, व्यवधान करने की सेल्फ लाइफ अखबार की कल की सुर्खियां हो सकती है। एक सप्ताह तक असर डाल सकती है। उनका प्रभाव ज्यादा दिन तक नहीं रहता है।

उन्होंने कहा,मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारा लोकतंत्र है। हमारा लोकतंत्र सबसे पुराना है, सबसे प्रभावी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के लिए भारत प्रजातंत्र की दृष्टि से आदर्शवादी है क्योंकि भारतीय सांस्कृतिक विरासत 5000 साल की है , ऐसा किसी और देश की नहीं है।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी विचार रखे और उपराष्ट्रपति धनकड़ का स्वागत किया। सुबह जयपुर पहुंचने पर राज्यपाल कलराज मिश्र, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, चूरू के सांसद राहुल कस्वां ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ और उनकी पत्नी डॉ सुदेश धनकड़ का स्वागत किया।

# कांग्रेस ने टीका राम जूली को राजस्थान में विधायक दल का नेता नियुक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नयी दिल्ली/जयपुर। कांग्रेस ने मंगलवार को टीका राम जूली को विधायक दल का नेता नियुक्त करके राजस्थान में एक पीढ़ीगत बदलाव की शुरुआत की, जबकि गोविंद सिंह डोटासरा को पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख के रूप में बरकरार रखा।

पिछले महीने अशोक गहलोत के नेतृत्व में लड़ा गया विधानसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस ने किसी को भी कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त नहीं किया था। टीका राम जूली (43) अशोक गहलोत सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थे। वह राजस्थान विधानसभा में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र में कहा गया, ''कांग्रेस अध्यक्ष ने राजस्थान में कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में टीका राम जूली की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है।

वेणुगोपाल के आदेश में यह भी कहा गया, कांग्रेस अध्यक्ष ने गोविंद सिंह डोटासरा को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बरकरार रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बताया कि जूली को पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का करीबी माना जाता है क्योंकि वह उनके क्षेत्र अलवर से आते हैं। राजस्थान में राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव देखा गया है तथा कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ने अपने पुराने नेताओं की जगह युवा नेताओं को नियुक्त किया है।

# ईडी ने धनशोधन मामले में पूर्व कांग्रेस मंत्री से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक (पीएचई) विभाग के पूर्व मंत्री महेश जोशी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर मंगलवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पिछले साल भी एजेंसी ने केंद्र सरकार की योजना से जुड़े इस मामले में कम से कम दो बार छापेमारी की थी। सूत्रों ने बताया कि पीएचई विभाग के पूर्व मंत्री जोशी से जुड़े परिसरों की धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है। राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जोशी को जयपुर की हवामहल सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट देने से इनकार कर दिया था।

ईडी ने पिछले साल जयपुर और दौसा में कुछ अन्य लोगों के अलावा पीएचई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी एवं तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल के आवासीय और आधिकारिक परिसरों पर छापेमारी की थी। इससे पहले एजेंसी ने दावा किया था कि कई बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलर ने जल जीवन मिशन से अवैध रूप से अर्जित धन की हेराफेरी के लिए राजस्थान सरकार के पीएचई विभाग के अधिकारियों की मदद की थी।

एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया था कि जांच में पाया गया कि ठेकेदारों ने 'इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) द्वारा जारी कथित फर्जी कार्य समापन प्रमाणपत्रों के आधार पर और पीएचई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत देकर जल जीवन मिशन के कार्यों से संबंधित निविदाएं हासिल की थीं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने यह आरोप लगाया था केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी नेताओं और कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को निशाना बनाने के लिए केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के इशारे पर काम कर रही है।

वर्ष 2023 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। धनशोधन का यह मामला राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से दर्ज प्राथमिकी से संबद्ध है, जिसमें आरोप है कि श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदमचंद जैन, गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल और अन्य लोग पीएचई विभाग से प्राप्त विभिन्न निविदाओं के तहत उनके द्वारा किए गए कार्यों में अनियमितताओं को छिपाने, अवैध संरक्षण हासिल करने, निविदाएं हासिल करने और बिल मंजूर कराने के लिए लोकसेवक को रिश्वत देने में शामिल थे। केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'जल जीवन मिशन' का उद्देश्य घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से साफ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है तथा राजस्थान में इस योजना पर काम राज्य के पीएचई विभाग द्वारा किया जा रहा है।

# कोटा में पतंग के मांझे से गला कटने से लड़के की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के कोटा जिले में पतंग के मांझे से जुड़े हादसों में गला कटने से एक 12 वर्षीय लड़के की मौत हो गई और पांच अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक भंवर सिंह ने बताया कि घटना उस समय हुई जब कक्षा 5 में पढ़ने वाला सुरेंद्र भील सोमवार शाम अपने घर की छत पर अपने दोस्तों के साथ पतंग उड़ा रहा था। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके, अलावा मकर संक्रांति के दौरान प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आकर 60 वर्षीय एक व्यक्ति सहित पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, रविवार को सतूर गांव में मांझे की चपेट में आने से रामलाल मीणा की गर्दन में गहरा घाव हो गया। घटना के समय वह मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे। परिवार ने कहा कि मीणा को कोटा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी गर्दन में 13 टांके आए हैं। मकर संक्रांति के त्योहार से पहले, कोटा, बूंदी और झालावाड़ के जिलाधिकारियों ने कांच लेपित मांझों और चीनी मांझों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए थे।

घायल पक्षियों को उपचार प्रदान करने में मदद करने वाले एक गैर सरकारी संगठन के अध्यक्ष के अनुसार, कोटा शहर में पतंग के मांझे से सात पक्षियों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए।



# उर्स में राजे की ओर से पेश की गयी चादर

अजमेर/दक्षिण भारत । राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की ओर से भेजी गयी मखमली चादर एवं अकीदत के फूल चादर अजमेर ख़्वाजा साहब के 812वें उर्स में पेश की गयीं। श्रीमती राजे ने अपने संदेश में उर्स की मुबारकबाद देते हुए कहा कि दरगाह गंगा–जमुनी तहजीब की नायाब मिसाल है। फख्र की बात ये है कि सुल्तान–ए–हिन्द की दरगाह सूबे राजस्थान में है। ख्वाजा साहब का जीवन हम सब के लिये नजीर है। उन्होंने अपना सारा जीवन मानव सेवा, खुदा की इबादत और बेसहारों को सहारा देने में निकाल दिया। ..मैं उर्स के मुबारक मौके पर सूबे की खुशहाली एवं तरक्की के लिए दुआ करती हूँ।..

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अजमेर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. बी. पी. सारस्वत, श्रीमती राजे के वकील सैयद अफसान चिस्ती, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री मुंसिफ अली खान, यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मोहित जैन, शहर जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा शफीक खान, गुलाम मुस्तफा, अतीक अहमद, मनोज बैरवा सहित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सुशासन हमारी सरकार की प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुशासन को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को ग्राम पंचायत तक जनसुनवाई सुनिश्चित करने का सोमवार को निर्देश दिया और कहा कि कोई भी पात्र शख्स जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। शर्मा ने बांसवाड़ा के उमराई स्थित त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में यह बात कही। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा, प्रदेश में सुशासन हमारी प्राथमिकता है। राज्य सरकार सबके साथ और सबके विश्वास से प्रदेश की प्रगति सुनिश्चित करने की दिशा में अहम निर्णय ले रही है।

उन्होंने कहा, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और फैसलों को धरातल पर उतारकर पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने में प्रत्येक अधिकारी–कर्मचारी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए वे अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभवों से पूर्ण निष्ठा के साथ जनता के विश्वास को कायम रखें। उन्होंने संभाग में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रभावी निगरानी के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा, अधिकारी लोगों की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहें। सभी पूर्ण समन्वय एवं सहयोगी भावना से काम करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता सामने नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, लोगों को शिकायतें लेकर जिला मुख्यालय और राजधानी तक नहीं आना पड़े, इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित जनसुनवाई सुनिश्चित की जाए। गरीब, असहाय और पीड़ितों के पास जाकर उनकी पीड़ा को सुनें। साथ ही, अभावग्रस्त क्षेत्रों में स्वयं पहुंचकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें।

शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू विकसित भारत संकल्प यात्रा योजनाओं से वंचितों के लिए वरदान साबित हो रही है। राज्य में एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहे, यह हम सभी का दायित्व है। शर्मा ने कहा, हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान का संकल्प लिया है। सरकार 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है। हमने सरकार बनते ही पेपर लीक, गैंगस्टर और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विशेष निर्णय किए जिनका असर दिखने लगा है।

उन्होंने अधिकारियों को भ्रष्टाचारियों, खनन और भू–माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार बांसवाड़ा और सम्पूर्ण आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यहां की प्रगति के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

इससे पहले शर्मा ने त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने माता के दर्शन कर प्रदेश की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। बाद में उन्होंने बांसवाड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन किया और जनसभा को संबोधित किया। शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का वक्तव्य है कि भारत तब समृद्ध होगा, जब हमारे आदिवासी समुदाय समृद्ध होंगे।

# सहरिया बहुल बारां जिले को मिला पीएम जन-मन योजना का लाभ : दीया कुमारी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। देश भर में विशेष रूप से कमजोर 75 जनजातीय समूहों (पीवीजीटीज) के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम का लाभ प्रदेश के सहरिया बहुल बारां जिले को मिला है। इस कार्यक्रम के तहत जिले में सहरिया जनजाति बहुल 38 बसावटों को ऑलवेदर पक्की सड़क से जोड़ा जाएगा। इसके लिए केन्द्र सरकार से 16 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दीया कुमारी ने बताया कि शीघ्र ही इन सड़कों का काम शुरू करवा दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल है। इसके तहत बारां जिले की सहरिया बहुल पंचायत समितियों किशनगंज एवं शाहबाद में लगभग 18.23 करोड़ रूपए की लागत से 23.24 किलोमीटर लम्बाई की 16 सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

दीया कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी मुख्य धारा में लाकर उनके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी को ही इस कार्यक्रम के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद किया था और बड़ी संख्या में सहरिया जनजाति के लाभार्थियों को भी मकान के लिए पहली किस्त जारी की गई थी।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम का शुभारम्भ 15 नवम्बर 2023 को किया गया था। समाज के सबसे कमजोर समूहों के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण के लिए 11 महत्वपूर्ण घटकों को इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। इसके तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बिजली, सड़क, संचार और स्थायी आजीविका जैसे महत्वपूर्ण घटकों को शामिल किया गया है, ताकि इन वर्गों को समाज की मुख्यधारा में लाया जा सके।

# शराब पार्टी में जाने से मना किया तो दोस्त के परिवार पर चढा दी कार, महिला की मौत

भरतपुर/दक्षिण भारत। शहर में देर रात्रि को दोस्त के साथ पार्टी करके लौटे युवक को जब उसके दोस्त फिर से शराब पार्टी के लिए ले जाने लगे तो उसने मना कर दिया और घर से मदद के लिए अपने पिता और मौसी को बुलाया। जब परिजनों ने दोस्तों को समझाने की कोशिश की तो ड्राइवर दोस्त ने युवक के पिता और मौसी पर ही कार चढ़ा दी। इस हादसे में मौसी की मौत हो गई और युवक के पिता गंभीर घायल हैं।

भरतपुर के कोतवाली थाना इलाके का है। हादसे में सोनू की मौसी सुनीता (45) को जयपुर रेफर किया गया जहां उनकी मौत हो गई। वहीं उसके पिता बच्चू सिंह (55), और सोनू गंभीर घायल हैं जिनका ळइच हॉस्पिटल भरतपुर में चल रहा है। घायल हुए सोनू ने बताया कि वह अपने दोस्त शेखर निवासी (कुम्हेर गेट) और योगेंद्र निवासी सुभाष नगर के साथ बर्थडे पार्टी करके लौटा था। तीनों युवकों ने शराब पी रखी थी। इसके बाद सोनू को शेखर और योगेंद्र कार के जरिए घर छोड़ने आए थे। सोनू के घर के बाहर पहुंचते ही शेखर और योगेंद्र फिर से शराब पार्टी की जिद करने लगे। सोनू ने मना किया तो दोनों जबरदस्ती करने लगे। ऐसे में सोनू ने अपने पिता बच्चू सिंह को आवाज देकर बुलाया और कहा– ये लोग जबरदस्ती मुझे ले जा रहे हैं। इसी दौरान सोनू की मौसी सुनीता घर के बाहर आ गई। सोनू के पिता और मौसी उसके दोस्त शेखर और योगेंद्र को समझाने लगे। पुलिस के अनुसार, इसके बाद उसके दोस्तों की पिता और मौसी से कहासुनी हो गई। कार की ड्राइवर सीट पर बैठे योगेंद्र ने सोनू के पिता और फिर मौसी पर कार चढ़ा दी। इसके बाद उसने कार को नहीं रोका। शराब के नशे में योगेंद्र की कार घर से 80 मीटर दूर एक दुकान के शटर से जा टकराई। इसके बाद भागने की फिराक में योगेंद्र ने फिर से कार को भगाया। कार डिवाइडर से टकरा कर पूरी तरह डैमेज हो गई। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनो घायलों को अस्पताल पहुंचाया। योगेंद्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उसकी कार को जब्त कर लिया गया। शेखर गुड़गांव में टैक्सी चलाता वह भरतपुर आया हुआ था।

# धर्म आस्था का विषय है, सियासत का नहीं : प्रतापगढ़ी

अजमेर/दक्षिण भारत। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा है कि धर्म आस्था का विषय है , सियासत का नहीं । प्रतापगढ़ी मंगलवार को अजमेर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की गरीब नवाज के उर्स में चादर लेकर पहुंचे। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश में धर्म की राजनीति हो रही है जो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इवेंट मैनेजमेंट की तरह की जा रही है, जिसमें मीडिया का भी साथ लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी न्याय का हक लेने मणीपुर से मुम्बई तक की 6700 कि.मीटर की यात्रा पर निकले हैं। मणिपुर को प्यार और मरहम की जरूरत है लेकिन मोदी इस पर कुछ नहीं बोलते। न संसद में और न संसद के बाहर, तभी राहुल गांधी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकलना पड़ा। यह यात्रा देश को नई दिशा और दशा देगी। राहुल का संदेश भी यही है कि नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो।

उन्होंने कहा कि भारत जुड़ता है तो समाज और धर्म जुड़ता है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान राजस्थान की सरजमीं से शुरू किया राहुल गांधी का अभियान हैं और आज ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर भी यही दुआ रहेगी कि मणीपुर न्याय यात्रा सफल रहे जिसे वहां की जनता को सुकून और राहत मिल सके।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कांग्रेस की बैठक आज

जयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कांग्रेस की राजस्थान इकाई कल बैठक करेगी जिसमें विधायकों सहित जनप्रतिनिधियों से 'फीडबैक' लिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि कल 17 जनवरी को पूर्वाह्न 11 से शाम छह बजे तक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में छानबीन समिति द्वारा राज्य के प्रमुख कांग्रेसजनों, विधायकों, सांसदों एवं जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लिया जाएगा। चतुर्वेदी ने बताया कि लोकसभा चुनाव हेतु गठित छानबीन समिति की अध्यक्ष सांसद रजनी पाटिल, राजस्थान के पार्टी मामलों के प्रभारी प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, समिति के सदस्य प्रगट सिंह, जिला प्रमुखों एवं प्रधानों, एआईसीसी, पीसीसी सदस्य सहित वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे।





## दो दिवसीय पुलिस सम्मेलन का हुआ उद्घाटन

# राज्य में बेलगावी और हावेरी में हुई घटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां कर्नाटक राज्य के सभी आईपीएस अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने किया। डीजी और आईजीपी के राज्य पुलिस मुख्यालय के सभागार में आयोजित इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि राज्य में अपराध की गतिविधियों को नियंत्रित करने के अलावा इसको कम करने में भी पुलिस को पूरी ताकत लगानी चाहिए। उन्होंने अपने एक घंटे के भाषण में अपराध गतिविधियों और यातायात समस्याओं के बारे में विशेष बातें बताई।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव समीप आ रहे हैं। राज्य में कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस को अभी से कठिन क्रम उठाने होंगे। राज्य के बेलगावी और हावेरी में हुई घटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो इसपर भी पुलिस को बल देना होगा।

सिद्दरामैया ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कोई भी अप्रिय घटना राज्य में हो इसके लिए पुलिस को सतर्क रहने के जरूरत है। पुलिस पूरी जिम्मेदारी के साथ शांति भंग न हो इसका ध्यान रखे। उन्होंने राज्य में बढ़ रहे साइबर अपराधों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महिलाएं और बुजुर्गों को साइबर अपराध में शामिल किया जा रहा है इसके प्रति भी पुलिस को सजग होना होगा। स्कूल और कॉलेज में बच्चों द्वारा ड्रग व साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलानी जरूरी है। बेंगलूरु की ट्राफिक समस्या जग जाहिर है। यातायात पुलिस को इस दिशा में विशेष कार्य करने की जरूरत है। ट्राफिक के सुगम संचार के लिए स्मार्ट सिंग्नल को मंजूर किया गया है। ट्राफिक पुलिस को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कदम उठाना चाहिए।

कार्यक्रम में गृहमंत्री डॉ. परमेश्वर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर राज्य पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस संदर्भ में नए एप्प और ब्रोसचर जारी किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने श्री राम को समर्पित कन्नड़ भक्ति गीत की सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूट्यूब पर अपलोड किए गए कन्नड़ भक्ति गीत की सराहना की, जिसे गायिका शिवश्री स्कंदप्रसाद ने गाया है, जो श्री राम को समर्पित है। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, कन्नड़ में शिवश्री स्कंदप्रसाद की यह प्रस्तुति प्रभु श्री राम की भक्ति की भावना को खूबसूरती से उजागर करती है। इस तरह के प्रयास हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में बहुत मददगार साबित होते हैं।

एक्स पर शेयर की गई पोस्ट को प्रधानमंत्री ने श्रीरामभजन हैशटैग भी दिया है। 3.59 मिनट के इस गाने को 4,50,000 व्यूज मिल चुके हैं।

शिवश्री ने पीएम मोदी के पोस्ट का जवाब देते हुए कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद सर। यह कल्पना से परे सम्मान है। आपको मेरा प्रणाम। शिवश्री का यह गीत एक भक्त की श्री राम के प्रति भक्ति का वर्णन करता है, जो फूलों से भगवान की पूजा करने के लिए तैयार है।

शिवश्री संगीतकारों के परिवार से हैं और बचपन से ही उनमें संगीत के प्रति लगाव था। उनके दादा एक लोकप्रिय संगीतकार थे और वह एक भरतनाट्यम डांसर भी हैं। शिवश्री अपना खुद का यूट्यूब चैनल चलाती हैं और उनके 1,54,000 सब्सक्राइबर हैं।

## जी. परमेश्वर बोले

# 'अगर हम भाजपा की सभी मांगों को पूरा करते रहे तो शासन नहीं कर सकते'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सनसनीखेज हंगल सामूहिक बलात्कार मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन की भाजपा की मांग पर राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा, 'अगर हम भाजपा की मांगों को पूरा करते रहेंगे तो हम राज्य पर शासन नहीं कर सकते। गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने पत्रकारों से कहा, 'भाजपा नेता एसआईटी, सीबीआई, सीआईडी तथा अन्य एजेंसियों से जांच की मांग करेंगे। अगर हम भाजपा की सभी मांगों को पूरा करते रहे तो हम शासन नहीं कर पाएंगे। जब हम विपक्ष में थे तो उन्होंने हमारी मांगों पर क्या प्रतिक्रिया दी?'



उन्होंने कहा, हमने वादा किया है कि हम एक जन-समर्थक सरकार होंगे और हम अपनी बात रखेंगे। सामूहिक बलात्कार मामले की जांच जारी है। जांच पूरी होने दीजिए। मैं तब तक अपनी राय नहीं दूंगा। पुलिस ने इस मामले में सात से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच पीड़िता घर लौटना चाहती थी और उसे वापस भेज दिया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि कानून के मुताबिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। मामले में स्थानीय इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट आने दीजिए, फिर देखेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को आरोप लगाया था कि सामूहिक बलात्कार मामले को दबाने की कोशिश की गई और हंगल घटना पर मामला बंद करने के लिए हावेरी पुलिस ने पीड़िता को पैसे की पेशकश की। उन्होंने मांग की थी कि सरकार घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन करे।

# राम लला की मूर्ति के चयन से मूर्तिकार अरुण योगीराज के परिवार में खुशी का माहौल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक में मैसूरु के अरुण योगीराज का परिवार खुशी से झूम रहा है क्योंकि अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट ने उनके द्वारा बनाई गए 'रामलला' की मूर्ति को राम मंदिर में स्थापना के लिए चुना है। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को अयोध्या में घोषणा की थी कि नई मूर्ति में भगवान राम को पांच साल के बच्चे के रूप में खड़ी मुद्रा में दर्शाया गया है और कहा कि इसे 18 जनवरी को 'गर्भगृह' में 'आसन' पर रखा जाएगा। योगीराज की माता सरस्वती ने संवाददाताओं से कहा कि यह बहुत ही हर्ष की बात है कि उनके बेटे द्वारा निर्मित मूर्ति का चयन किया गया है।

उन्होंने कहा,''जब से हमें यह खबर मिली है कि अरुण द्वारा बनाई गई मूर्ति का चयन (स्थापना के लिए) किया गया है, हम बहुत खुश हैं। हमारा पूरा परिवार प्रसन्न है।''

योगीराज ने ही केदारनाथ में स्थापित आदि शंकराचार्य की मूर्ति और दिल्ली में इंडिया गेट के पास स्थापित की गई सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा बनाई है। योगीराज ने रामलला की नई मूर्ति बनाने में आई चुनौतियों के बारे में से कहा, मूर्ति एक बच्चे की बनानी थी, जो दिव्य हो, क्योंकि यह भगवान के अवतार की मूर्ति है। जो भी कोई मूर्ति को देखें उसे दिव्यता का एहसास होना चाहिए।

प्रख्यात मूर्तिकार ने कहा,''बच्चे जैसे चेहरे के साथ-साथ दिव्य पहलू को ध्यान में रखते हुए मैंने लगभग छह से सात महीने पहले अपना काम शुरू किया था। मूर्ति के चयन से ज्यादा मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि ये लोगों को पसंद आनी चाहिए । सच्ची खुशी मुझे तब होगी जब लोग इसकी सराहना करेंगे।''

# स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को लेकर गुजरात, केरल, कर्नाटक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : डीपीआईआईटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में गुजरात, केरल तथा कर्नाटक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्य बनकर उभरे हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में यह बात सामने आई। केरल, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों की श्रेणी में रखा गया है। महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय को शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

डीपीआईआईटी के तहत रैंकिंग एक वार्षिक अभ्यास है जो स्टार्टअप वृद्धि के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उनके प्रयासों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन करता है। इसमें कुल 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। इन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले, नेतृत्व करने वाले, महत्वाकांक्षी नेतृत्व करने वाले और उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने वालों की पांच श्रेणियों में बांटा गया है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के आकार के आधार पर मोटे तौर पर दो वर्गों में विभाजित किया गया। एक करोड़ से अधिक आबादी वाले और एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले। गुजरात को लगातार चौथी बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का दर्जा दिया गया है। कर्नाटक को लगातार दूसरे वर्ष इस खंड में स्थान मिला। इस रैंकिंग का मकसद राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं से सीखने में सहायता करना है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 जारी की। गोयल ने अधिकारियों से सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप तक पहुंच स्थापित करने को कहा ताकि पता चल सके कि क्या उन्हें किसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता है या नहीं। साथ ही इन उन्होंने अधिकारियों से सभी उद्यमियों का वर्गीकरण डीपटेक, एग्रीटेक या फिनटेक के आधार पर करने को कहा है, जिससे विभाग उनके साथ केंद्रीत तरीके से बातचीत कर सके।

इसके अलावा मंत्री ने स्टार्टअप को आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) का विकल्प खोजने तथा वर्तमान में एयरलाइन उद्योग के समक्ष पेश हो रही समस्या (सर्दियों में घने कोहरे की) को ''सुलझाने'' का सुझाव दिया। आईएलएस पायलटों को रनवे पर उतरने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करता है। राष्ट्रीय राजधानी में सर्द मौसम के कारण कई उड़ानों में देरी हो रही है या उन्हें रद्द करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि स्टार्टअप दुनियाभर के लोगों को आकर्षित करने के लिए 'वेड इन इंडिया' (भारत में शादी करें) को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर काम करने पर विचार कर सकते हैं।

डीपीआईआईटी में संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि करीब 1,800 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को पेटेंट प्रदान किया गया है। ऐसे मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 1.17 लाख से अधिक हो गई है।

# राज्यपाल ने तिरुवल्लुवर के भगवा परिधान वाले चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने मंगलवार को तमिल कवि तिरुवल्लुवर के उस चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जिसमें उन्हें भगवा परिधान में दर्शाया गया है। इस पर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कवि पर 'दाग' नहीं लगा सकता है। तिरुवल्लुवर दिवस के अवसर पर राज्यपाल रवि ने रामनाथपुरम जिले के सरकारी सर्किट हाउस में कवि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। चित्र में, तिरुवल्लुवर को विभूति, कुमकुम और रुद्राक्ष के साथ भगवा धोती और ऊपरी कपड़े में दिखाया गया था।

राज्यपाल का नाम लिये बगैर मुख्यमंत्री स्टालिन ने तिरुवल्लुवर के कुछ दोहों को उद्धृत करते हुए कहा कि कवि सामाजिक न्याय जैसी विचारधारा के समर्थक थे। तमिलनाडु के राजभवन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें राज्यपाल को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिखाया गया है।

कन्याकुमारी जिले में तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा और यहां वल्लुवर कोट्टम का जिक्र करते हुए स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में तिरुवल्लुवर पर कोई 'दाग' नहीं लगा सकता। स्टालिन का इशारा संभवत: तस्वीर में तिरुवल्लुवर के भगवा परिधान की तरफ था। दक्षिण पंथी समर्थकों का दावा है कि तिरुवल्लुवर एक हिंदू विद्वान थे।






# ईशा योग संस्थान में पोंगल का उत्सव पारम्परिक ढंग से मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां ईशा योग संस्थान में मंगलवार को मट्टू पोंगल त्यौहार पारम्परिक ढंग से मनाया गया। पारम्परिक उत्सव, देशी गाय की नस्लों का प्रदर्शन किया गया जिसने लाखों उत्साही भीड़ को खींचा। सभी उपस्थित ने आदियोगी के सामने यह उत्सव मनाया।

उत्सव के हिस्से के रूप में, लुप्तप्राय देशी गाय की नस्लों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ईशा में पाली गई 23 विभिन्न देशी गाय की नस्लों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी आयोजित की गई थी। प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की देशी गायें शामिल थीं, जिनमें गंगेयम, कांगरिज, ओंगोल, गिर, थारपारकर, वेचूर, माउंटेन गाय और थोंडाई गाय शामिल थीं। प्रत्येक नस्ल को मंच पर प्रस्तुत किया गया, और दर्शकों को उसकी उत्पत्ति और विशेषताओं के बारे में विवरण दिया गया। प्रदर्शनी से पहले, स्थानीय और ग्रामवासियों, किसान और ईशा स्वयंसेवक पारंपरिक तरीके से पोंगल मनाने के लिए एक साथ आए, 50 से अधिक मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय और विदेशी प्रतिभागी शामिल हुए, जो उत्साहपूर्वक इसमें शामिल हुए। खाना पकाने के बाद, स्थानीय गायों को पोंगल, गन्ना और अनाज खिलाया गया।

शाम को, पारंपरिक तमिल खेल, मल्लखंब और ईशा होम स्कूल के छात्रों द्वारा कला प्रदर्शन ने उत्सव का माहौल बना दिया। मट्टू पोंगल दिवस के अवसर पर ईशा में लाखों आगंतुकों ने नृत्य और स्थानीय गायों को हाथ से खाना खिलाने सहित उत्सव में भाग लेने का आनंद लिया। कार्यक्रम में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में परिवारों ने भी हिस्सा लिया।

# यहां के मुसलमानों को गजनी, गोरी व बाबर की मानसिकता से आना होगा बाहर : सीटी रवि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिक्कमगलूरु। पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और वरिष्ठ भाजपा नेता सी.टी. रवि ने मंगलवार को कहा कि गजनी, गोरी और बाबर की मानसिकता खतरनाक है और यहां के मुसलमानों को इससे बाहर आना होगा। पत्रकारों से बात करते हुए, रवि ने कहा,गजनी, गोरी, खिलजी, औरंगजेब, अन्य मुगलों और टीपू सुल्तान के समय में 42 हजार मंदिरों को तोड़ दिया गया था। भारतीय मुसलमान इन आक्रमणकारियों के साथ अपनी पहचान नहीं रखते हैं। मुसलमानों को शिशुनाला शरीफ, एबीजे अब्दुल कलाम के आदर्श अपनाने चाहिए, तभी भाईचारे की भावना मजबूत होगी।



'भारतीय मुसलमान, जो खुद को आक्रमणकारियों से नहीं जोड़ते, सनातन धर्म में अपना भरोसा जताते हुए देश में ही रुक गए थे, उनकी सोच भी बदलेगी।' सी.टी. रवि ने कहा, कुछ लोगों को यह भी लग सकता है कि मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों में नमाज पढ़ना 'हराम' है। जब उन्हें ऐसा महसूस होगा, तो मुस्लिम उदारता दिखा सकते हैं। रवि ने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के खिलाफ बीजेपी सांसद अनंत कुमार हेगड़े के अपमानजनक बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा, 'वरिष्ठों और पद का सम्मान करना होगा। सांसद हेगड़े की कार्यशैली अलग है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि कोई अपमान कर सकता है, मैं उनके बयान का बचाव नहीं करता। भगवान राम समग्रता के पक्षधर हैं।'

बीजेपी अनंत कुमार हेगड़े ने सिद्दरामैया की उस टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी जिसमें उन्होंने कहा था कि वह राम मंदिर उद्घाटन ('प्राण प्रतिष्ठा') में शामिल नहीं होंगे और उसके बाद अयोध्या जाएंगे।

# एलपीजी सिलेंडर विस्फोट में 6 घायल, 5 घर क्षतिग्रस्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां मंगलवार को एलपीजी सिलेंडर विस्फोट के कारण कम से कम छह लोग घायल हो गए और पांच घर क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है. उन्हें विक्टोरिया अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

अन्य घायल व्यक्तियों का फिलहाल येलहंका सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

यलहंका में लाल बहादुर शास्त्री लेआउट के एक आवास में रखे सिलेंडर में विस्फोट हो गया। विस्फोट के परिणामस्वरूप, पड़ोसी पांच घर क्षतिग्रस्त हो गए। यह घटना येलहंका पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई।

घायल हुए पांच लोगों की पहचान वसीया बानो, सलमा, शहीद, आसमा और अफरोज के रूप में हुई है। छठे व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। यलहंका न्यू टाउन पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# सांड को काबू करने वालों में कार्तिक को चुना गया सर्वश्रेष्ठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के मदुरै में पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित 'अवनियापुरम जल्लीकट्टू प्रतियोगिता' में सांड को काबू करने वालों में कार्तिक को सर्वश्रेष्ठ चुना गया। सोमवार को अवनियापुरम जल्लीकट्टू आयोजित किया गया था।

जिले में सीजन का दूसरा जल्लीकट्टू मंगलवार को पलामेडु में होगा और 17 जनवरी को जिले का प्रसिद्ध अलंगनल्लूर जल्लीकट्टू आयोजित किया जाएगा। अवनियापुरम जल्लीकट्टू में 825 सांडों की भागीदारी देखी गई। आयोजन के दस राउंड में लगभग 430 सांडों पर काबू पाने वालों ने भी भाग लिया, जिसमें 17 सांडों को काबू कर कार्तिक विजयी हुए। सी.आर. कार्तिक कुमार को सम्मान के तौर पर एक कार, गाय और बछड़ा मिला।

घटना के दौरान सांडों को काबू करने वाले, दर्शकों और पुलिसकर्मियों सहित लगभग 150 लोग घायल हो गए। घायलों में से नौ को मदुरै के सरकारी राजाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर और एक हेड कांस्टेबल को भी मामूली चोटें आईं। घटना के दौरान छह सांड घायल हो गए और एक सांड का पैर टूट गया।

भारतीय रेड क्रॉस स्वयंसेवकों ने घायल हुए लोगों को दवाएं प्रदान कीं, जबकि राज्य पशुपालन विभाग ने सांडों का इलाज शुरू किया। कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस और दमकल गाड़ियों को भी तैनात किया गया था। सरकारी राजाजी अस्पताल और जिला मुख्यालय अस्पताल के 16 सामान्य चिकित्सक और 9 विशेषज्ञ ड्यूटी पर थे। घायलों की तत्काल जांच के लिए स्थान पर एक मोबाइल एक्स-रे यूनिट भी तैनात की गई थी।

गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने और किसी भी तरह की जानमाल की हानि को रोकने के लिए उस स्थान पर एक एटीएलएस (एडवांस्ड ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट) यूनिट भी लगाई गई थी।

सोमवार से शुरू हुए अवनियापुरम में जल्लीकट्टू (सांड को वश में करना) में लगभग 1000 सांडों और 600 सांडों को काबू करने वालों के भाग लेने की उम्मीद है। मंगलवार (16 जनवरी) और बुधवार (17 जनवरी) को क्रमश: पलामेडु और अलंगनल्लूर में जल्लीकट्टू उत्सव मनाया जाएगा।

# सरकारी छात्रावासों में वार्डन की नियुक्ति पर कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मांगी रिपोर्ट

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के तहत सरकारी छात्रावासों में वार्डन और पर्यवेक्षकों के पदों की भर्ती प्रक्रिया पर चिंता जताई। इसके साथ ही अदालत ने आदेश दिया कि विशेष रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचति जनजाति (एसटी) के छात्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक रिपोर्ट तैयार कर दो सप्ताह के भीतर उसके समक्ष पेश किया जाए। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की पीठ का आदेश सरकारी छात्रावासों की स्थिति के बारे में खबरों पर अदालत द्वारा स्वत: संज्ञान लेकर शुरू की गई जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद आया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि कर्मचारियों की कमी इन छात्रावासों में छात्रों की शैक्षणिक प्रगति को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। मामले में न्यायमित्र वकील नितिन रमेश ने अदालत को सूचित किया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग ने छात्रावासों का प्रबंधन कैसे किया जाना चाहिए, इस पर दिशानिर्देश जारी किए हैं। न्यायमित्र की दलीलों पर उच्च न्यायालय ने कहा कि सरकार को इस पर जवाब देने की जरूरत है और उससे एक व्यापक रिपोर्ट की उम्मीद है। अदालत ने निर्देश दिया कि अगली सुनवाई से पहले राज्य की रिपोर्ट की एक प्रति न्याय मित्र को उपलब्ध कराई जाए।

## सुविचार

**जिन्दगी हमेशा रूलाने के बहाने ढूँढती हैं, मुस्कुराने के बहाने हमें ढूंढने होते है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# तकनीक का दुरुपयोग

देश-दुनिया में 'डीपफेक' के मामले बढ़ते जा रहे हैं। तकनीक के दुरुपयोग से जुड़े गंभीर मामले पहले ही काफी ज्यादा हैं। पुलिस को उन्हें सुलझाने और दोषियों को कानून के शिकंजे तक पहुंचाने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ रही है। अब 'डीपफेक' एक नई मुसीबत है, जिससे लोगों को गुमराह करने, भ्रम फैलाने, दुष्प्रचार करने जैसी गैर-कानूनी गतिविधियों को 'अगले स्तर' पर ले जाया जा सकता है। अपराधी तत्त्व जैसे-जैसे इसमें पारंगत होते जाएंगे, वे अपराध करने के नए-नए तरीके ढूंढ़ेंगे। प्राय: अपराधियों द्वारा जब भी ऐसा तरीका पहली बार आजमाया जाता है या जिसके बारे में लोगों को कम जानकारी होती है, उनके झांसे में आने की आशंका काफी ज्यादा रहती है। पिछले एक दशक में, जब घर-घर तक मोबाइल फोन और इंटरनेट की पहुंच हो गई, आर्थिक अपराध काफी बढ़ गए हैं। शुरुआत में लोगों को लॉटरी के नाम पर खूब ठगा गया। फिर जब मीडिया ने ऐसे मामलों को उठाया तो ठगों ने दूसरे रास्ते निकाल लिए। वे पार्ट टाइम जॉब, निवेश में शानदार रिटर्न, सट्टा आदि के नाम पर ठगने लगे। ठगों ने 'केबीसी' के नाम पर भी कई लोगों के बैंक खाते खाली किए। वॉट्सऐप पर एक वीडियो खूब शेयर हुआ था, जिसमें एक प्रसिद्ध अभिनेता की आवाज में किसी व्यक्ति के करोड़पति होने की फर्जी घोषणा की जाती थी। बहुत लोगों ने उस वीडियो पर विश्वास कर अपनी मेहनत की कमाई गंवाई। अब दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 'डीपफेक' वीडियो बनाकर एक गेमिंग ऐप का प्रचार किया जा रहा है! इस वीडियो को देखकर आम लोग भ्रमित हो सकते हैं। वे उसमें बताए गए ऐप के प्रति आकर्षित हो सकते हैं।

हालांकि अगर वीडियो को ध्यान से देखा जाए तो ऐसे कई बिंदु मिलते हैं, जिनसे पता चलता है कि यह फर्जी है। वीडियो में आवाज को काफी हद तक सचिन की आवाज जैसी बनाने की कोशिश की गई है, लेकिन वह पूरी तरह नहीं बन पाई। सचिन के हावभाव थोड़े-से मिलते हैं। शब्दों का प्रवाह सामान्य नहीं है। ऐसा उसी स्थिति में हो सकता है, जब मशीनी आवाज हो। गणित की जरा-सी भी समझ रखने वाला व्यक्ति यह जानता है कि हिंदी में एक लाख से ज्यादा की राशि को किस तरह लिखा और बोला जाता है, लेकिन यह वीडियो बनाने वाला शायद इससे परिचित नहीं है या उसे गणित की समझ कम है। आम बोलचाल में सौ हज़ार या 180 हज़ार बोलने का चलन नहीं है। इसे एक लाख या एक लाख 80 हजार ... बोला जाता है। इस वीडियो में सचिन को ऐसा बोलते दिखाया गया है, क्योंकि तकनीकी अनुवाद में ऐसी खामियां देखने को मिलती हैं। हाल में फेसबुक पर ऐसे ही एक विदेशी ऐप का फर्जी विज्ञापन चर्चा में आया था, जिसने पोस्ट में जोरदार कमाई का झांसा दिया था। वहीं, नीचे टिप्पणियों में हिंदी नामों वाली प्रोफाइल से इस ऐप का समर्थन किया गया था। यह दावा किया जा रहा था कि इस ऐप ने 'हमारी ज़िंदगी' बदल दी! उन टिप्पणियों की भाषा में बहुत कठिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जो किसी भी आम हिंदीभाषी की बोलचाल का हिस्सा नहीं होते। स्पष्ट है कि जिस व्यक्ति ने उस फर्जी ऐप और फर्जी टिप्पणियों वाली पोस्ट प्रकाशित की होगी, उसे भाषा संबंधी जानकारी नहीं थी। उसने विदेश में खुद की भाषा में फर्जी टिप्पणियां तैयार कीं और इंटरनेट की मदद से उनका अनुवाद कर लिया। जिसे हिंदी भाषा और भारतीय समाज की थोड़ी भी जानकारी होगी, वह उसे देखकर समझ गया होगा कि यह अपराधियों द्वारा बिछाया गया जाल है। अगर इस पर विश्वास कर लिया तो नुकसान उठाना पड़ेगा। अब डीपफेक की चुनौती से निपटने के लिए इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को ज्यादा सजग रहना होगा। वहीं, पुलिस और जांच एजेंसियों को साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए अत्याधुनिक तकनीक के साथ अधिक सक्षम बनना होगा।

## ट्वीटर टॉक



नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक हमारी सरकार के पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। जिस देश में दशकों तक गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते रहे, उस देश में सिर्फ 9 वर्ष में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना ऐतिहासिक है।

**-नरेन्द्र मोदी**



नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने के लिए राजस्थान विधानसभा भवन पहुंचने पर माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा तथा विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी जी से मिले स्नेह और प्रेम से अभिभूत हूं।

**-वासुदेव देवनानी**



वीर भूमि के गौरव, महामहिम उपराष्ट्रपति महोदय श्री जगदीप धनखड़ जी का साहस, शौर्य व स्वाभिमान की पावन धरा जयपुर स्थित राजस्थान विधानसभा पधारने पर पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# विवेकशील प्रयास से सफलता

प्राचीनकाल में मगध में एक गुरुकुल था। वहां के योग्य एवं ज्ञानवान आचार्य अपने शिष्यों को सभी प्रकार की शिक्षा में पूर्ण बनाते थे। गुरुकुल का एक सत्र पूर्ण होने के पश्चात आचार्य अपने शिष्यों की अंतिम परीक्षा लेते थे। ऐसे ही एक बार सत्र पूर्ण होने पर आचार्य ने शिष्यों को बांस की टोकरियां देते हुए कहा, 'इनमें नदी से जल भर लाओ। उससे गुरुकुल की सफाई करनी है।' शिष्य आचार्य की आज्ञा सुनकर चकरा गए कि बांस की टोकरी में जल भरकर लाना तो असंभव है, किंतु सभी ने नदी पर जाकर प्रयास किया। बांस की टोकरियों में जल भरने से वह छिद्रों में से रिस जाता। एक शिष्य को छोड़कर सभी लौट आए। उस शिष्य के मन में गुरु के प्रति पूर्ण निष्ठा थी और वह यह सोचकर बार-बार जल भरता कि गुरुदेव ने कुछ सोच-समझकर ही ऐसी आज्ञा दी होगी। शाम तक वह जल भरने का प्रयास करता रहा। बांस की टोकरी के सुबह से शाम तक जल में रहने के कारण बांस की तीलियां फूल गईं और छिद्र बंद हो गए। अत: शाम को वह टोकरी में जल भरकर आचार्य के पास लौटा। तब आचार्य ने अन्य शिष्यों से कहा, 'कार्य तो मैंने तुम्हें दुरूह सौंपा था किंतु विवेक, धैर्य, लगन व निरंतर प्रयास से यह संभव था।'

## सामयिक

# सदैव प्रेरणा देते रहेंगे गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

**योगेश कुमार गोयल**

मोबाइल : 9034304041.

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरु जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल



पोंटा' शब्द का अर्थ होता है पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने खालसा वाणी' भी दी, जिसे वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें पंच ककार' (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह ने ही गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिन्द सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड में करीब 41 वर्ष की आयु में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

## चिंतन

# उप्र में भाजपा के खिलाफ विपक्षियों की योजना ध्वस्त

**बाल मुकुन्द ओझा**

मोबाइल : 9414441218

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस के प्रयासों को दरकिनार करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान किया है। इससे अस्सी सीटों वाले यूपी में भाजपा के खिलाफ वन इज टु वन का चुनावी फार्मूला धराशाही हो गया है। मायावती की अकेले चलो की घोषणा से इंडिया गठबंधन को बड़ा धक्का लगा है साथ ही विपक्ष को एक करने की मुहीम को बसपा सुप्रीमों ने पलीता लगा दिया है। अपने जन्मदिवस पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को गिरगिट की संज्ञा देते हुए कहा गठबंधन से फायदा कम नुकसान ज्यादा होता है। उन्होंने भाजपा की फ्री राशन स्कीम पर करारा प्रहार किया और कहा हम सभी पार्टियों से दूरी बनाकर रखेंगे। हालांकि चुनाव के बाद सरकार में शामिल हो सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों ने मायावती के ऐलान को आत्मघाती बताते हुए कहा इससे बसपा में फूट पड़ेगी, इसका संकेत लोकसभा में बसपा के नेता श्यामवीर सिंह यादव की इस प्रतिक्रिया से मिलता है जिसमें इंडिया गठबंधन में शामिल न होने पर निराशा व्यक्त की। इससे पूर्व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने का विरोध किया था। कभी यूपी में 30 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली बसपा अब 13 प्रतिशत पर पहुँच गई है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि मायावती के इस कदम से चुनावों में अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को फायदा होगा। लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने रहे है, ऐसे में मायावती ने अपने पार्टी संगठन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। बसपा के मौजूदा सांसद मायावती के अकेले चलो की घोषणा से बेचैन है। यूपी सहित देशभर में बसपा के वोट बैंक में लगातार गिरावट आई है। मायावती की पार्टी का यूपी सहित देश के कई राज्यों में जनाधार है। हालाँकि यूपी में बसपा की कमजोर स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मायावती इस समय एकला चलो की राह पर है। विपक्ष में होते हुए भी वह विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल नहीं होने का एलान हैरान करने वाला है। देश के उत्तर भारत में बसपा दलितों पर कुछ हद तक अपना प्रभाव रखती है। विशेषकर यूपी में दलितों के एक वर्ग विशेष सहित अल्पसंख्यक मतदाता मायावती को अपना नेता स्वीकार करते है। मगर पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बसपा का आधार घटा है। विधान सभा में बसपा का सूपड़ा साफ़ हो गया। मायावती ने उनकी पार्टी के सम्बन्ध में सपा नेताओं की टिप्पणियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ़ किया की राजनीति में कब किसको किसकी जरुरत पड जाये यह याद रखना चाहिए ताकि बाद में शर्मिंदा न होना पड़े।

वह भी एक समय था जब मायावती का समर्थन पाने के लिए लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों में होड़ मची थी। भाजपा हो या समाजवादी पार्टी अथवा कांग्रेस मायावती का समर्थन पाने के लिए सभी बेचैन रहते थे। उस दौरान बहनजी किसी को भाव नहीं देती थी। यदि किसी को समर्थन देती तो अपनी शर्तों पर। उनके दरवाज़े पर विभिन्न विचारधारा वाले नेताओं की क़तार देखी जा सकती थी। यूपी विधानसभा चुनाव में बहनजी की पार्टी का भट्टा बैठ गया था और उनके अस्तित्व पर सवालिया चिन्ह लगने लगे थे। मायावती की पार्टी कोई आंदोलनकारी पार्टी नहीं है। इस पार्टी को कभी किसी मुद्दे पर धरना प्रदर्शन करते नहीं देखा गया। बसपा केवल बयानों तक सीमित रहती है। बसपा की पहचान केवल जातीय पार्टी की है। मुस्लिमों के साथ साथ दलित भी उनकी पार्टी से अलग हो गए है। मुस्लिमों का झुकाव सपा की तरफ और दलित भाजपा की झोली में चले गए है।

गौरतलब है यूपी विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती एक बारगी सियासत के नेपथ्य में चली गयी थी। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने 2007 के विधानसभा चुनाव में जब अपने दम पर सरकार बनाई, तो उनको राष्ट्रीय मंच पर दलित राजनीति के सिरमौर के रूप में देखा गया था । लोग यहाँ तक कहने लगे थे मायावती एक दिन देश की प्रधानमंत्री बनने में कामयाब हो सकती हैं। लेकिन यूपी में 2012 के चुनाव के बाद से लगातार खराब प्रदर्शन करने वाली बसपा का बुरा दौर जारी है। मायावती की हार को दलित राजनीति की धार कमज़ोर होने के तौर पर भी देखा जा रहा है। गत यूपी चुनाव में बसपा सिर्फ एक सीट पर सिमट गई है और दलित और मुस्लिम गठजोड़ तिनके की तरह बिखर गया।

## नजरिया

# राहुल गांधी की नई यात्रा से जुड़ी उम्मीदें

**ललित गर्ग**

मोबाइल : 9811051133

कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी अपने एवं कांग्रेस के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने के लिये एक बार फिर यात्रा का सहारा ले रहे हैं। 4000 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अब वे 6700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकल चुके हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 ज़िलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी। कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है। मात्र 2024 के आमचुनाव के लिये निकाली गयी यह यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है। वैसे ऐसी यात्राओं से बहुत कुछ हासिल हो सकता है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछली यात्रा से न तो राहुल गांधी का कोई भला हुआ और न ही कांग्रेस का। यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने में नाकाम रही। प्रश्न है कि इस बार ऐसा क्या अनोखा होने की आशा की जा सकती है?

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में राहुल गांधी की



यह राजनीतिक यात्रा नये राजनीतिक स्तस्तिक उकेरने में कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। मणिपुर से शुरू होने जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की पिछली यात्रा का विस्तार ही है। अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के संकीर्ण एवं सीमित दायरों के कारण यात्रा का कोई चमत्कारी परिणाम मिलने में संदेह ही है। यात्राओं के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस की है तो फिर उसका नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह एक तरह से परिवारवाद को नए सिरे से पोषण प्रदान करने के साथ इस बात को रेखांकित करने का प्रयास नहीं कि मल्लिकार्जुन खरगे बस नाम के अध्यक्ष हैं? कांग्रेस की दिक्क़त यह है कि उसके पास ऐसा कोई चमत्कारिक नेतृत्व नहीं रह गया है जिसके पीछे तमाम पार्टियाँ चुनावी वैतरणी पार कर जाएँ, या जिसकी एक आवाज़ पर सभी राजनीतिक दल साथ आ जाएँ। बिना राजनीतिक लाभ के विपक्षी दल कितना इस यात्रा में सहभागिता करेंगे, यह भी एक प्रश्न है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलने से पूर्व एवं निकलते ही कांग्रेस को बड़े झटके लग गये हैं। पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दे दिया और अब असम में अपूर्ब भट्टाचार्य ने कांग्रेस के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन में बिखराव एवं टूटन की स्थितियां सीटों के प्रश्न पर बनी हुई हैं। संयोजक पद की पेशकश नीतीश कुमार ने ठुकरा दी, जेडीयू का यह कदम भी एक टूटन का ही प्रतीक है। भले ही मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया का अध्यक्ष बनाकर इस टूटन को ढ़ंकने की कोशिश हुई है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बने मतभेद छुप नहीं पा रहे। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि यात्रा से पहले सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए। जाहिर है, सहयोगी दलों के मन में कही न कहीं यह भाव भी है कि यात्रा के जरिए अगर देश का माहौल कांग्रेस या राहुल गांधी के पक्ष में बना तो उसका लाभ विपक्षी दलों को कैसे मिलेगा? जाहिर है इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस की चालाकी एवं चतुरता को महसूस कर रहे हैं। सत्ता पक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई कमजोरी फ़िलहाल तो विपक्ष एवं कांग्रेस के पास नहीं है जिसे पकड़ कर इस यात्रा में हल्ला मचाया जाए, जनाधार बटोरा जाये। उल्टे अयोध्या और श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के कारण सत्ता पक्ष मज़बूत होता जा रहा है और इसके निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने पांवों पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है। यदि कांग्रेस या विपक्षी दल इस समारोह में भाग लेते तो उन पर लगा श्रीराम-विरोध एवं हिन्दू-विरोध का तगमा नहीं लगता, भाजपा का जनाधार का विस्तार भी निश्चित ही कुछ कम होता। राजनीति तो ऐसे अवसरों को पकड़ लेने का ही खेल है।

परिवार एवं व्यक्तिवादी सोच कांग्रेस की विडम्बना एवं विसंगति है। वास्तव में कांग्रेस में वही होना है, जो राहुल गांधी चाहेंगे। यह स्वाभाविक है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। इसमें वह कितना कामयाब होते हैं, यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि उनकी ओर से किन मुद्दों को उभारा जाता है और उन पर क्या कहा जाता है? यह तो तय है कि राहुल गांधी भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखेंगे, लेकिन ऐसा करते हुए वह यदि जनता का ध्यान आकर्षित करने के साथ कोई नया विमर्श खड़ा नहीं कर पाते तो बात बनने की बजाय बिगड सकती है। राहुल गांधी की समस्या यह है कि वह मोदी सरकार की आलोचना तो खूब करते हैं, लेकिन देश के समक्ष उपस्थित समस्याओं के समाधान का कोई प्रभावी तरीका नहीं बता पाते। राहुल गांधी देश को क्या जोड़ेंगे जब उनका इंडिया गठबंधन ही एकजुट नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस नेता मानें या न मानें भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी विपक्ष की एकजुटता एवं चुनावी प्रदर्शन को ही माना जाएगा। इस लिहाज से न्याय यात्रा के साथ ही कांग्रेस को इंडिया गठबंधन के मोर्चे पर भी तेजी से अपने राजनीतिक कौशल को आगे बढ़ना होगा। सीटों के बंटवारे के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का काम भी जितनी जल्दी निपटाया जाएगा, मतदाताओं को अपनी एकजुटता का यकीन दिलाने में उतनी आसानी होगी। ऐसा हो गया तो इस यात्रा की सबसे बड़ी सफलता होगी।

कांग्रेस भले ही न्याय यात्रा को उद्देश्य देश में फासीवादी ताकतों को रोकने, लोकतंत्र, संविधान को बचाने और भावी पीढियों के जीवन और कैरियर के निर्माण के लिए बता रही है। यात्रा लोगों के लिए न्याय की मांग, रोजगार की कमी, बढ़ती कीमतों, अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई, सरकारी कंपनियों को बंद करने और बेचने के खिलाफ है। वहीं किसानों को उचित मूल्य दिलाने तो महिला पहलवानों और अन्य लोगों को न्याय दिलाने के लिए है। मणिपुर की हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री के उदासीन और असंवेदनशील होने की बात उठाते हुए कांग्रेस भूल रही है कि ये ऐसे मुद्दें हैं जिन पर मोदी सरकार ने ही सबसे ज्यादा ध्यान दिया है। लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध एवं राष्ट्रीय ज्वलंत मुद्दों को उठाने के नाम पर देश के विरोध पर उतर जाते हैं। राहुल गांधी इस तरह का आचरण इसीलिए करते हैं, क्योंकि उन्हें शासन संचालन, राजनीतिक परिपक्वता के तौर-तरीकों का कोई अनुभव नहीं। पूरा विपक्ष यह नहीं समझ पा रहा है कि सत्ताधारी दल के विरोध और देश के विरोध के बीच फर्क है। सत्ताधारी दल का विरोध करना स्वाभाविक है, लेकिन उस लकीर को नहीं पार करना चाहिए, जिससे वह देश का विरोध बन जाए। राहुल गांधी के लिये सरकार और राष्ट्र के विरोध के बीच अंतर समझना आवश्यक है और अपनी इस यात्रा में वे इस तरह का विवेक एवं समझदारी प्रदर्शित कर पाये तो इससे कुछ हासिल हो सकता है।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ‘रामलला’ के आगे मूर्तिकार योगीराज ने नहीं देखी आंखों की चोट, रातों की नींद



मैसुरु/भाषा। अयोध्या के राम मंदिर में मूर्तिकार अरुण योगीराज की तराशी हुई ’रामलला’ की मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। मूर्तिकार योगीराज ने इस मूर्ति को दिव्य और आलौकिक स्वरूप प्रदान करने के लिए दिन रात एक कर दिया था। उन्होंने न आंख पर लगी चोट की परवाह की और न ही नींद की। योगीराज के परिवार ने यह जानकारी दी। कर्नाटक में मैसुरु के मूर्तिकार का परिवार खुशी से झूम रहा है क्योंकि अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट ने उनके द्वारा बनाई गए ’रामलला’ की मूर्ति को राम मंदिर में स्थापना के लिए चुना है। योगीराज की पत्नी विजेयता ने कहा कि वह इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। उन्होंने एक किस्सा भी साझा किया जिसमें बताया गया कि कैसे मूर्ति बनाते समय योगीराज की आंख में चोट लग गई थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं बहुत खुश हूं। हमें यह नेक काम करने का दायित्व सौंपा गया है।

विजेयता ने कहा,’’जब यह कार्य (योगीराज को) दिया गया तो हमें पता चला कि इसके लिए उचित पत्थर मैसूरु के पास उपलब्ध है। हालांकि, वह पत्थर बहुत सख्त था। इसकी नुकीली परत उनकी आंख में चुभ गई और उसे ऑपरेशन के जरिए निकाला गया। दर्द के दौरान भी वह नहीं रुके और काम करते रहे। उनका काम इतना अच्छा था कि हर कोई प्रभावित हुआ। हम सभी को धन्यवाद देते हैं।’’ उन्होंने कहा,’’वो (योगीराज) कई रात सोए नहीं और रामलला की मूर्ति बनाने में तल्लीन रहे। ऐसे भी दिन थे जब हम मुश्किल से बात करते थे और वह परिवार को भी मुश्किल से समय देते थे। अब ट्रस्ट की सूचना से सारी मेहनत की भरपाई हो गई है।’’ योगीराज के भाई सूर्यप्रकाश ने कहा कि यह परिवार के लिए एक यादगार दिन है। उन्होंने कहा, योगीराज ने इतिहास रचा है और वह इसके हकदार थे। यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण है जो उन्हें इतनी ऊंचाइयों तक ले गया।सूर्यप्रकाश ने कहा कि योगीराज ने मूर्तिकला की बारीकियां अपने पिता से सीखीं। वह बचपन से इसे लेकर उत्सुक थे।

योगीराज की माता सरस्वती ने संवाददाताओं से कहा कि यह बहुत ही हर्ष की बात है कि उनके बेटे द्वारा निर्मित मूर्ति का चयन किया गया है। उन्होंने ’पीटीआई-भाषा’ से कहा,’’जब से हमें यह खबर मिली है कि अरुण द्वारा बनाई गई मूर्ति का चयन (स्थापना के लिए) किया गया है, हम बहुत खुश हैं।

## संकल्प यात्रा



नई दिल्ली में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के पत्रकारों का एक समूह करोल बाग में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्रीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी के साथ।

# आयोवा में जीत के बाद ट्रंप ने कहा : दुनिया की समस्याओं को दूर करने के लिए सभी साथ आएं

वाशिंगटन/भाषा। आयोवा प्रांत में अहम जीत मिलने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर होगा कि सभी लोग साथ आकर दुनिया की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें और मौतों तथा विनाश को रोकें।

रिपब्लिकन पार्टी की ओर से तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दावेदारी कर रहे ट्रंप ने अमेरिका के ‘सभी राजनीतिक वर्गों’ से एकजुट होने को कहा। उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन पर अपना हमला जारी रखते हुए उन्हें ‘‘अब तक का सबसे खराब राष्ट्रपति’’ करार दिया। ट्रंप (77) ने कहा, ‘‘मेरा मानना है कि अब समय आ गया है जब हमारे देश के सभी लोग एक साथ आएं, चाहे वह रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट या उदारवादी या रूढ़िवादी।’’ पूर्व राष्ट्रपति ने अपने भाषण की शुरूआत में अप्रत्याशित रूप से ‘‘प्रतिद्वंद्वियों को भी एकजुट हो कर साथ देने का संदेश’’ दिया। ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की खातिर सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं। उन्होंने सोमवार शाम आयोवा राज्य की राजधानी डेस मोइनेस में अपने समर्थकों को संबोधित किया। यह तीसरी बार रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी हासिल करने की दिशा में उनका पहला आधिकारिक कदम है।

ट्रंप ने कहा, ‘‘बेहतर होगा अगर हम एक साथ आएं और दुनिया की समस्याओं का समाधान करें और उन मौतों एवं विनाश को रोकें जिसके गवाह हम बन रहे हैं... हम एकजुट होंगे। यह जल्द होगा।’’ डेस मोइनेस रजिस्टर अखबार के मुताबिक पूर्व राष्ट्रपति ने अपने तीन शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि दूसरे स्थान के लिए लड़ रही निक्की हेली और रॉन डीसैंटिस ने ‘‘वास्तव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।’’ ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी में कड़ी टक्कर दे रहे भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी की भी ‘कड़ी मेहनत’ करने के लिए प्रशंसा की।

# ‘भविष्य की महामारियों के लिए पूरी तरह तैयार नहीं है दुनिया’

दावोस/भाषा। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के एक शीर्ष अधिकारी ने वैश्विक महामारी कोष में योगदान देने के लिए भारत और अन्य देशों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया भविष्य में किसी भी महामारी से निपटने के लिए अब भी पूरी तरह तैयार नहीं है और काफी काम किए जाने की जरूरत है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर डॉ. क्रिस्टोफर जे. एलियास ने ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा कि हमने कोविड-19 के बाद सबक सीखा है, लेकिन और प्रयास तथा चर्चा की जरूरत है। इसमें वित्तीय जरूरत भी शामिल है। विश्व आर्थिक मंच में ‘बीमारी एक्स’ चर्चा के अहम क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने कहा, ‘‘इबोला फैलने के बाद करीब आठ साल पहले वाकई एक महत्वपूर्ण चर्चा शुरू हुई थी और यह चर्चा कोविड-19 के बाद इस बात पर बहुत स्पष्ट ध्यान केंद्रित करती है कि दुनिया को बेहतर तरीके से तैयार रहने की आवश्यकता है।’’

डॉ. एलियास ने कहा, ‘‘दुनिया को उन संक्रमण और बीमारियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है, जिन्हें हम जानते हैं, जैसे कि इन्फ्लूएंजा, लेकिन जिन बीमारियों को हम नहीं जानते हैं और जो नई बीमारियां हो सकती है, उनके लिए भी तैयार रहने की जरूरत है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम पूरी तरह तैयार हैं।’’ एलियास ने इस बात पर गौर किया कि दुनिया के पूरी तरह तैयार होने के लिये क्या किये जाने की आवश्यकता है, इसपर काफी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) एक समझौते पर बातचीत की प्रक्रिया में है और देशों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहा है कि क्या करने की जरूरत है और इसे कैसे वित्तपोषित किया जाएगा। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा, ‘‘इंडोनेशिया में दो साल पहले जी20 शिखर सम्मेलन में एक महामारी कोष बनाया गया और भारत समेत दुनिया के कई देशों ने उसमें योगदान दिया। वह एक शुरुआत थी और यह अभी तक दो अरब डॉलर तक पहुंच गया है, लेकिन जाहिर है कि यह पर्याप्त नहीं है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘भारत ने 10 साल से भी अधिक समय पहले पोलियो का खात्मा कर दिया था, लेकिन दुनिया में कुछ और स्थान हैं, जहां इसे खत्म करना है और हमें उम्मीद है कि एक या दो साल में हम पोलियो का दुनियाभर से उन्मूलन कर देंगे।’’

# ‘सिल्क स्मिता- द अनटोल्ड स्टोरी’ में नजर आएंगी चंद्रिका रवि

मुंबई/वार्ता



दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता की बायोपिक में ऑस्ट्रेलियन अभिनेत्री चंद्रिका रवि काम करती नजर आयेंगी। दिवंगत दक्षिण भारतीय अभिनेत्री ङ्कसिल्क स्मिता के जीवन पर बायोपिक बनायी जा रही है।इस बायोपिक में उनकी लाइफ से जुड़े कई पहलू देखने को मिलेंगे।बायोपिक ’सिल्क स्मिता- द अनटोल्ड स्टोरी’ का निर्देशन जयराम शंकरन कर रहे हैं।’सिल्क स्मिता- द अनटोल्ड स्टोरी’ में चंद्रिका रवि , सिल्क स्मिता का किरदार निभाती नजर आयेंगी। सिल्क स्मिता की जिंदगी पर कई फिल्म बन चुकी है। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी ’द डर्टी पिक्चर’ में विद्या बालन ने सिल्क स्मिता का किरदार निभाया था।’सिल्क स्मिता- द अनटोल्ड स्टोरी’ तेलुगु, तमिल, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ समेत पांच भाषा में रिलीज होगी।

# ‘द साबरमती रिपोर्ट’ में काम करेंगे विक्रांत मैसी

मुंबई/वार्ता




बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता विक्रांत मैसी गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में काम करते नजर आयेंगे। 12वीं फेल के बाद अब विक्रांत मैसी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में काम करने जा रहे हैं ।27 फरवरी 2002 को हुई साबरमती एक्सप्रेस की घटना आज भी लोगों के जेहन में हैं। 27 फरवरी 2002 की सुबह गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के अंदर आग लगने से अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की मौत हो गयी थी।अब इस घटना पर्दे पर दिखाने के लिए विक्रांत मैसी तैयार है। फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी के साथ रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना अहम किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म 03 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को रंजन चंदेल निर्देशत करेंगे।

# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर टिप्पणी करना बंद करें विपक्षी दल : अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों को अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर टिप्पणी करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि यह ढांचा 500 साल के लंबे इंतजार के बाद बनाया गया है।

ठाकुर ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भाजपा द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर परिसर की साफ-सफाई में भाग लिया।

विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने राम मंदिर में ‘प्राण प्रतिष्ठा’ समारोह को एक राजनीतिक आयोजन में बदल दिया है। इन आरोपों के बारे में सवाल किए जाने पर ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग मंदिर के निर्माण से अब भी खुश नहीं हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो मंदिर के निर्माण से दुखी हैं, कुछ लोग ऐसे हैं जो ‘प्राण प्रतिष्ठा’ समारोह से दुखी हैं और कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें राजनीति के कारण इस पर बयान देना पड़ता है। उन्होंने कहा, ‘‘मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि उन्हें इस पर टिप्पणी करना और बयान देना बंद कर देना चाहिए। अयोध्या में राम मंदिर 500 साल के इंतजार के बाद बना है और आगामी दिनों में देश एवं दुनिया भर से करोड़ों लोग इसके दर्शन करने आएंगे।’’ ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को भव्य ‘प्राण प्रतिष्ठा’ समारोह के बाद राम मंदिर के दरवाजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे और इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।



# द केरल स्टोरी के बाद अदा शर्मा की अगली फिल्म ‘बस्तर : द नक्सल स्टोरी’

मुंबई/एजेन्सी

पिछले साल अदा शर्मा की फिल्म ‘द केरल स्टोरी’ ने खूब सुर्खियां बटोरी। विवाद होने के बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। यह वर्ष 2023 की दूसरी 200 करोड़ी फिल्म थी। अब वही मेकर्स अदा के साथ एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने इस बारे में खुलासा किया। उन्होंने फिल्म ‘बस्तर : द नक्सल स्टोरी’ का फर्स्ट लुक शेयर किया और कुछ डिटेल्स भी शेयर कीं। पोस्टर में अदा काफी एग्रेसिव मोड में दिख रही हैं। उनके हाथ में बंदूक है और वे फौजियों की ड्रेस में एक गुट के साथ आगे बढ़ रही हैं। फिल्म में नक्सलियों की कहानी दिखाई जाएगी।

तरण ने लिखा, केरल स्टोरी की सफलता के बाद फिल्म के मेकर्स ने अदा शर्मा के साथ एक और फिल्म करने का ऐलान किया है। फिल्म का नाम ‘बस्तर : द नक्सल स्टोरी’ है। इसका निर्माण विपुल अमृतलाल शाह करेंगे और निर्देशन सुदिप्तो सेन करेंगे। दोनों ‘केरल स्टोरी’ के बाद इस फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। ये फिल्म 15 मार्च को रिलीज की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ‘केरल स्टोरी’ फिल्म को कई लोगों ने एक एजेंडा बताया था। उन्होंने कहा कि फिल्म को किसी विशेष समुदाय या धर्म को टारगेट करने के मकसद से बनाया गया।

## स्वागत



मुंबई में मंगलवार को गुरुकुल कला के छात्रों ने अयोध्या राम मंदिर में श्रीराम मूर्ति फाउंडेशन का स्वागत करते हुए।



# इंडियन पुलिस फोर्स का पहला गाना ‘बैरिया रे’ जारी

मुंबई/एजेन्सी

मशहूर डायरेक्टर रोहित शेट्टी की वेबसीरीज ‘इंडियन पुलिस फोर्स’ का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वे इसका फर्स्ट लुक, टीजर और ट्रेलर देखने के बाद दीवाने हुए जा रहे हैं। रोहित की इस मच अवेटेड सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी, विवेक ओबेरॉय व ईशा तलवार अहम किरदार के रूप में दिखेंगे। खास बात ये है कि इसकी मदद से रोहित, सिद्धार्थ और शिल्पा जढ्ढ प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर रहे हैं। रोहित बड़े पर्दे के दर्शकों को कई कमाल की कॉमेडी और एक्शन फिल्में दे चुके हैं और माना जा रहा है कि वे ओटीटी व्यूअर्स को भी निराश नहीं करेंगे। अब निर्माताओं ने आज मंगलवार (16 जनवरी) को सिद्धार्थ के 39वें जन्मदिन पर ’इंडियन पुलिस फोर्स’ का पहला गाना ’बैरिया रे’ जारी कर दिया है। इसमें सिद्धार्थ पहली बार ईशा संग इश्क फरमाते दिख रहे हैं। गाने को सिंगर विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। बोल सिद्धेश पटोले ने लिखे हैं। निर्माताओं ने गाना शेयर करते हुए लिखा, प्रेम की धुन में अपने आपको खो दो।’ सीरीज में सिद्धार्थ पुलिसवाले का रोल प्ले कर रहे हैं। इसमें तगड़ा एक्शन दिखेगा। सीरीज का प्रीमियर शुक्रवार (19 जनवरी) को अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। शरद केलकर भी सीरीज का हिस्सा हैं।

# फिल्म ‘भाभी जी घर पे हैं’ की शूटिंग शुरू



मुंबई/वार्ता

भोजपुरी फिल्म ’भाभी जी घर पे हैं’ की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म ’भाभी जी घर पे हैं’ में रिंकू घोष, देव सिंह, गौरव झा और संचिता बनर्जी मुख्य भूमिका में है। निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह की फिल्म ’भाभी जी घर पे हैं’ का निर्देशन अजय कुमार झा कर रहे हैं।प्रदीप सिंह ने बताया कि फिल्म ’भाभी जी घर पे हैं’ एक स्वस्थ मनोरंजन वाली फिल्म होगी। हम इसका निर्माण बड़े लेवल पर कर रहे हैं।यह फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी और फिल्म के साथ दर्शक खुद को कनेक्ट भी कर पाएंगे। गीत -संगीत भी फिल्म में उम्दा है। ऐसी फ़िल्में भोजपुरी सिनेमा के ग्राप को बढाने वाली होती है। हमारी कोशिश है फिल्म दर्शकों को पसंद आये, क्यूंकि हम दर्शकों की फिल्म बना रहे हैं।

रिंकू घोष ने बताया कि एक अच्छी कहानी वाली फिल्म कलाकारों को अपनी ओर खींच ही लाती है, यही वजह है कि आज मैं इस फिल्म में हूं। मैं अपने स्वाभाविक अंदाज में अपने किरदार को निभा रही हूं और मुझे उम्मीद है दर्शकों को यह खूब पसंद भी आएगा। वहीं, अभिनेता गौरव झा ने कहा कि फिल्म रोचक है और यह करने के लिए मैं पहले दिन से उत्साहित था। अब फ़ाइनली फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने वाली है। देव सिंह ने कहा कि मुझे अलग-अलग पटकथा वाली कहानी को पर्दे पर जीने में मजा आता है। इस फिल्म में भी मेरा अलग किरदार है, जो जानदार और शानदार होगा। अभी तो हम सभी फिल्म की शूटिंग एन्जॉय कर रहे हैं। संचिता बनर्जी ने कहा कि मजेदार फिल्म और जिंदादिल स्टार कास्ट आपको वो प्रेरणा देती है, जिससे आप दुगनी एनर्जी के साथ काम करने लग जाते हैं। मैं भी फिल्म में अपना शत प्रतिशत दे रही हूं। वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन के बैनर से बन रही फिल्म ’भाभी जी घर पे हैं’ के लेखक अरविंद तिवारी हैं।इस फिल्म में रिंकू घोष,देव सिंह, गौरव झा,संचिता बनर्जी,के के गोस्वामी,रिंकू भारती, स्वेता वर्मा,राकेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं।

# राम चरण और उपासना को दिया आरएसएस के अंबेकर ने निमंत्रण

मुंबई/एजेन्सी

इस समय पूरे देश में राममय माहौल है। हर ओर राम मंदिर की धूम मची हुई है। आम और खास सब पर श्रीराम का खुमार चढ़ रखा है। फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े सितारों को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए न्योता दिया जा रहा है। इस बीच, साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार माने जाने वाले एक्टर राम चरण को भी आमंत्रित किया गया है। राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कोनिडेला को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुनील अंबेकर से एक विशेष निमंत्रण मिला है। अंबेकर निमंत्रण देने के लिए राम चरण के हैदराबाद स्थित घर गए थे। राम चरण और उनकी पत्नी की न्योता स्वीकारते तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें अंबेकर उन्हें आमंत्रित करते नजर आ रहे हैं।

इस दौरान राम चरण ने व्हाइट कलर की शर्ट और बिंज कलर की पेंट पहनी है। दूसरी ओर, उपासना लाइट येलो कलर के सलवार सूट में दिखीं।

कपल बेहद खुश लग रहा है। बता दें कि समारोह में रजनीकांत, रणबीर कपूर आलिया भट्ट, आयुष्मान खुराना, कंगना रनौत, रणदीप हुड्डा, अजय देवगन, धनुष, जैकी श्रॉफ और टाइगर श्रॉफ जैसे कलाकार शामिल होंगे।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

कहते हैं कि यदि किसी कार्य को अच्छी सोच व उद्देश्य के साथ किया जाए तो वह जरूर सफल होता है। ऐसे ही एक प्रयास का परिणाम है 'मित्र मंडल', जिसके अंतर्गत गत पांच दशकों से अनेक धार्मिक व प्रभु भक्ति के कार्यक्रम होते आ रहे हैं। यह छोटी सा संगठन मित्र मंडल इसी वर्ष अपनी स्थापना का स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है।




# निवेशकों और व्यवसायियों के बीच सेतु बना जीतो का 'अनलॉक 1.0'

## जीतो साउथ की मेज़बानी में निवेश कार्यक्रम में शामिल हुए 35 कम्पनियों के प्रतिनिधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। व्यापार विकास और विस्तार को नया आयाम देने के उद्देश्य से संभावित निवेशकों और महत्वाकांक्षी व्यवसायियों को एक मंच पर लाने के प्रयास से जीतो बेंगलूरु साउथ ने 'अनलॉक 1.0' का लांच किया गया। शहर के प्रिंसेस श्राइन सभागार में आयोजित इस वृहद निवेश कार्यक्रम में शहर के प्रगतिशील 35 कम्पनियों ने भाग लिया। इस आयोज मन में करीब एक हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावनाएं बताई जा रही है। जेआईआईएफ़ स्टार्ट-अप इंडिया इन्नोवेशन वीक तथा नेशनल स्टार्ट-अप डे के अवसर पर हुए इस कार्यक्रम में व्यवसाय के विविध क्षेत्रों से जुडे उद्योगपतियों, निवेशकों और कंपनी प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी कंपनियों में शिक्षा, एआई तकनीक, प्राईवेट एक्विटी, रियल एस्टेट, इलेक्ट्रिक वाहन, उत्पादन क्षेत्र से जुडे प्रतिनिधि भी शामिल हुए। भविष्य की साझेदारियों की संभावनाओं को तलाशने के उद्देश्य से करीब 200 वन-टू-वन परस्पर बैठकें हुई। अनेक कंपनियों ने संभावी निवेशकों के साथ बैठक के अगले दौर की रुचि भी दर्शाई।

जीतो साऊथ के चेयरमैन दिनेश बोहरा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व जीतो एपेक्स के सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 'अनलॉक 1.0' का उद्देश्य निवेशकों और व्यवसायियों के बीच सेतू स्थापित करना है, ताकि कारोबार में विस्तार हो सके। संस्था के मुख्य सचिव दीपक श्रीश्रीमाल ने जैन समाज के सशक्तिकरण और इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से आर्थिक सुदृढ़ता के लिए जीतो की प्रतिबद्धता को दोहराया। साउथ के संयोजक चेतन मरलेचा और के सहसंयोजक विक्रम बाफना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जेआईआईएफ के राष्ट्रीय सदस्यों ने संस्था के उद्देश्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मुख्य रूप से जीतो इन्क्यूबेशन सेंटर, जीतो एंजल नेटवर्क और जीतो शार्क एंजल्स की भूमिका की जानकारी दी। जेआईआईएफ के माध्यम मे अब तक 150 करोड से भी अधिक धन राशि का निवेश 80 कंपनियों में किया जा चुका है। पचास से भी ज्यादा जैन संस्थापकों के स्टार्ट अप को सहायता दी गई है।

समारोह में जीतो एपेक्स सलाहकार समिति के चेयरमैन तेजराज गुलेच्छा, जीतो इंटरनेशनल विंग के चेयरमैन महावीर मेहता, एपेक्स व जेआईआईएफ़ के राष्ट्रीय सदस्य, केकेजी जोन के चेयरमैन अशोक सालेचा, मुख्य सचिव दिलीप जैन, जीतो साउथ के उपचेयरमैन दिलीप कोठारी, पवन रांका, कोषाध्यक्ष अशोक मेहता, सह कोषाध्यक्ष अक्षय मेहता, सचिव संजय भंडारी व श्रीपाल बच्छावत, जीतो नार्थ के चेयरमैन इंदरचंद बोहरा व अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# व्यापार के साथ साथ प्रभु गुणगान के लिए बने 'मित्र मंडल' ने पूरे किए 50 वर्ष

## भजन कीर्तन की पुस्तक बिल्व पत्र -11 का विमोचन आज

## मंडल का स्वर्ण जयंती समारोह व रामलला महोत्सव 22 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कहते हैं कि यदि किसी कार्य को अच्छी सोच व उद्देश्य के साथ किया जाए तो वह जरूर सफल होता है। ऐसे ही एक प्रयास का परिणाम है 'मित्र मंडल', जिसके अंतर्गत गत पांच दशकों से अनेक धार्मिक व प्रभु भक्ति के कार्यक्रम होते आ रहे हैं। यह छोटा सा संगठन मित्र मंडल इसी वर्ष अपनी स्थापना का स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है।

मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि गत पांच दशक पूर्व व्यापार के सिलसिले में व्यापारियों का विभिन्न शहरों में व्यापार के सिलसिले में बेंगलूरु आना जाना लगा रहता था। रेशम की नगरी होने के कारण बेंगलूरु में देवनगरी वाराणसी-बनारस से भी रेशम के व्यापार से जुड़े व्यापारी बहुतायत में आते थे। आपसी मेलमिलाप के साथ खाली समय में प्रभु के गुणगान करने को हमेशा तत्पर रहने वाले इन व्यापारियों ने वर्ष 1974 में व्यापारिक गतिविधियों के समय के बाद थोड़ा समय प्रभु भक्ति के लिए निकालने का निर्णय लिया। शहर के चिकपेट स्थित स्व. रामप्रसाद मालपानी के यहां उस समय प्राय: बाहर से आने वाले व्यापारी एकत्र हुआ करते थे और समय के सदुपयोग के लिए उन्होंने आवश्यक वाद्य यंत्र जुटाकर एक समूह के रूप में भजन कीर्तन का आयोजन करना शुरू कर दिया। अनौपचारिक रूप से इसके लिए एक मंडल का गठन हुआ जिसे बाद में 'मित्र मंडल' का नाम दिया गया।


मित्र मंडल द्वारा वर्षों पूर्व आयोजित एक भजन कार्यक्रम का चित्र

आगे चलकर अन्य व्यापारी व इच्छुक परिवार इस सत्संग कार्यक्रम से जुड़ते चले गए। उस समय स्व. हनुमानदास रांदड़ के व्यापारिक प्रतिष्ठान 'रांदड एंड कम्पनी' में जन्माष्टमी का आयोजन होना शुरू हो गया था। इस कार्यक्रम में बनारस से आने वाले व्यापारी व भजन रसिक दामोदर शर्मा, जिन्हें भजन कीर्तन का बहुत ही शौक था, उन्होंने रांदड़ एंड कम्पनी में जन्माष्टमी के कार्यक्रम का आयोजन किया था। स्व. बैजनाथ रांदड ने उस समय हर साप्ताहिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर 'मित्र मंडल' को एक विधिवत स्वरूप प्रदान कर दिया। उनकी लगन व सहयोग से मित्र मंडल का प्रथम भजन संग्रह बिल्वपत्र भाग -1 का विमोचन वर्ष 1976 में हुआ। स्व. दामोदर शर्मा के बेंगलूरु प्रवास के दौरान मंडल के सदस्यों के घरों में भी कीर्तन होने लगा था। इन कीर्तन कार्यक्रमों से 'मित्र मंडल' शहर के एक प्रतिष्ठित मंडल के रूप में स्थापित हो गया था। उस दौरान स्व. रामबिलास पंचारिया ने प्रयास कर मंडल से नए सदस्यों को जोड़ा। इससे कीर्तन कार्यक्रमों में सदस्यों की उपस्थिति बढ़ने लगी। स्व. रामकिशन तिवारी, जिन्हें होली के भजनों का शौक था, उनके प्रयास से घरों व अनेक प्रतिष्ठानों में होली से संबंधित चंग व ठंडाई के कार्यक्रम भी मंडल के बैनर तले होने लगे। समय बीतते बीतते यह साप्ताहिक कार्यक्रम प्रति शनिवार को होने लगा। इस दौरान भजन प्रेमी आशाराम सारड़ा को लगा कि क्यों न फिर से बिल्वपत्र भजन संग्रह का पुन: प्रकाशन किया जाए और उनके प्रयास से हर दो तीन वर्षों के अंतराल में 'बिल्व पत्र' भजन पुस्तक का विधिवत विमोचन होने लगा। सारड़ा ने मंडल के प्रति अपने लगाव व इच्छाशक्ति से मंडल के तत्वावधान में विभिन्न सहयोगियों के सहयोग से भजनों की पुस्तक बिल्व पत्र के 10 भागों का विमोचन किया व करवाया।

सारड़ा के प्रयास से ही भजन संग्रह की पुस्तक बिल्व पत्र -11 का विमोचन संस्था के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को आरआर नगर स्थित तेरापंथ भवन में स्व. बालाराम रांदड़ परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा आयोजन के दौरान व्यासपीठ पर आसीन डॉ हरेकृष्ण शास्त्री 'शरद' के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। बिल्वपत्र -11 का विमोचन रांदड़ परिवार के सहयोग से हो रहा है।

मंडल के भजनों के कार्यक्रम का सिलसिला प्रतिवर्ष चलता रहा है। कई वर्षों से नियमित रूप से श्री कृष्ण जन्माष्टमी व महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन रांदड़ एंड कम्पनी में हो रहा था, पर स्व. बैजनाथ रांदड़ के निधन के बाद मंडल के नियमित कार्यक्रमों में अवरोध आ गया। बाद में सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन श्रीराम साबू के 'साबू वीवज' प्रतिष्ठान में वार्षिक रूप से नियमित होने लगे। हर मंगलवार को सुन्दरकांड का पाठ भी नियमित हो गया था।

वर्तमान में गत 7 सालों से यह वार्षिक आयोजन हर साल माहेश्वरी भवन में होता आ रहा है। इस मंडल को वर्तमान स्वरूप देने में सभी पूर्वाध्यक्षों का पूर्ण सहयोग मिला। स्व. रामप्रसाद मालपानी व बैजनाथ रांदड़ परिवार के सहयोग से मंडल परिपक्व हुआ। मंडल की स्थापना के वर्ष भी बढने लगे तो सदस्यों की उम्र में भी बदलाव आने लगा। बहरहाल, मंडल अपनी 50 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर 'स्वर्ण जयंती समारोह एवं रामलला महोत्सव' का आयोजन 22 जनवरी को ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में करने जा रहा है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में 'दक्षिण भारत राष्ट्रमत' हिन्दी दैनिक के समूह सम्पादक श्रीकांत पाराशर शामिल होंगे। मंडल के अध्यक्ष रामेश्वरलाल पंचारिया ने बताया कि 22 जनवरी को मध्याह्न 3.30 बजे से माहेश्वरी भवन में सुन्दरकांड का पाठ होगा जिसमें जसवंतगढ़ नागरिक परिषद के सदस्य प्रस्तुति देंगे। मंच कार्यक्रम शाम 6.30 बजे प्रारंभ होगा तथा भजन संध्या रात 7.15 से शुरू होगी जिसमें जाने माने गायक निरंजन सारड़ा व हरिकिशन सारड़ा भजनों की प्रस्तुति देंगे।






# कंकु चोपड़ा भाईपा परिवार के सम्मेलन में हुआ निर्देशिका का विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के कंकु चोपड़ा भाईपा परिवार का द्वितीय सम्मेलन एवं प्रथम निर्देशिका विमोचन का कार्यक्रम एक रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ। रावतमल सुरेशकुमार, गौतमचंद, राजेन्द्रकुमार, जितेंद्रकुमार कंकु चोपड़ा परिवार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष कांतिलाल कंकु चोपड़ा ने सभी का स्वागत किया। सचिव डूंगरमल चोपड़ा ने गत वर्ष की गतिविधियों की जानकारी देते हुए आगामी वर्ष के अनेक कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहसचिव ताराचंद कंकु चोपड़ा ने संघ की निर्देशिका प्रकाशन की जानकारी दी तथा बताया कि भाईपा परिवार में 210 परिवार शामिल है।

लाभार्थी परिवार से सुरेशकुमार चोपड़ा ने कंकु चोपड़ा भवन के निर्माण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा इसको क्रियांवित करने पर जोर दिया।

कोषाध्यक्ष अशोककुमार कंकु चोपड़ा ने संघ को सुचारु रूप से चलाने हेतु नियमावली बनाने पर जोर देते हुए अनेक नियम लागू किए। लाभार्थी परिवार के सदस्यों द्वारा प्रथम निर्देशिका का विमोचन किया तथा लाभार्थी परिवार का संस्था के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। उपाध्यक्ष कपूरचंद सोमावत ने धन्यवाद दिया। इस आयोजन में अनेक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसका संचालन युवा मंच के अध्यक्ष दीपक कंकुचोपड़ा ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। संचालन महिला मंच की सदस्यों ने किया। इस मिलन कार्यक्रम में 70 तपस्वियों का सम्मान संघ व महिला मंच द्वारा किया गया।





# गिरधारीलाल बने विश्वकर्मा जांगिड़ सुथार समाज ट्रस्ट के नए अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मकर संक्रांति के मौके पर स्थानीय विश्वकर्मा जांगिड सुथार समाज ट्रस्ट कर्नाटक की साधारण सभा सम्पन्न हुई जिसमें सभी क्षेत्रों से कमेटी सदस्यों के नाम आ, तथा सर्वसम्मत्ति से आगामी तीन वर्ष के लिए गिरधारीलाल बारू कमेटी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इस संस्था में गत 33 वर्ष से आमसहमति से अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है और अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी कमेटी का गठन करता है।

सभा में वर्तमान अध्यक्ष पोलाराम जी बुढल के नेतृत्व में मंदिर भवन के पास वाली जमीन लेने का निर्णय लिया गया जिसके लिए आवश्यक राशि एकत्रित करने के लिए पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल गुगरिया ने समाज के सदस्यों से बढ़चढ़ कर सहयोग के लिए निवेदन किया।

बैठक में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर मुहुर्त के पल को यादगार बनाने के लिए विश्वकर्मा जांगिड़ सुथार समाज के मंदिर में तैयारियों की समीक्षा की गई। इस मौके पर आगामी भगवान श्री विश्वकर्मा प्राकट्य महोत्सव की तैयारियों में तेजेश लुंजा, किरताराम छड़िया, कैलाशचंद भदरेचा,ओटमल लुंजा, जगतराम भद्रेचा, मोहनलाल कडलुवा, मोहनलाल माकड़, कन्हैयालाल, रमेश कुलरिया, मनीष बामणिया, रामदेव धामू, चैनराम लुंजा, भंवरलाल सलुण, भंवरलाल माकड़ सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया।



# परिषद की राजेन्द्र गुरु पदयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद हुब्बल्ली के तत्वावधान में मंगलवार को गुरु राजेन्द्रसूरी के जयंती व स्वर्गारोहण दिवस के मौके पर पदयात्रा का आयोजन किया जिसमें 400 से अधिक यात्रियों ने भाग लिया। यह यात्रा शहर के कुबसद गली राजेंद्रसूरी मंदिर से प्रारम्भ होकर शांतिनाथ जिनालय,गब्बूर स्थित पार्श्वनाथ जिनालय जाएंगी। गुरुभक्त कुल 7 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए बुडरसिंघी मे विराजित दादा गुरुदेव की प्रतिमा तक पहुंचे तथा गुरुदेव प्रतिमा के दर्शन किए। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष शैलेश जैन, सचिव आकाश जैन, यात्रा संयोजक योगेश जैन, संजय सेठ आदि सदस्यों ने यात्रा की व्यवस्था संभाली।

# 'सुसंस्कृत व्यक्ति ही जीवन में उन्नति कर पाता है'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी ने मंगलवार को बलेपेट स्थित विनोद भूरट के व्यावसायिक परिसर में अपनी नौ शिष्याओं के साथ पदार्पण कर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारी होना चाहिए। सुसंस्कृत व्यक्ति ही जीवन में उन्नति कर पाता है। हमारा व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि कभी किसी के दिल को ठेस नहीं पहुंचे। हमारे व्यवहार से किसी का नुकसान नहीं होना चाहिए। हमेशा दूसरों से अच्छी बातें ग्रहण करनी चाहिए एवं दूसरों की अच्छी बातें ही अन्य दूसरों को बतानी चाहिए। कभी किसी की बुराई नहीं करनी चाहिए। जीवन में हमारा प्रत्येक कार्य व्यवस्थित होना चाहिए।



धन कमाने के साथ-साथ धर्म और पुण्य के कार्य के लिए भी हमें समय निकालना चाहिए। हमेशा प्रभु परमात्मा, परिवार, समाज व अपने कार्य के प्रति समर्पण भाव रखना चाहिए। इससे पूर्व साध्वी आस्थाश्रीजी व ऋषिताश्रीजी ने सभा को संबोधित किया। बालिका मंडल की सदस्याओं ने भजन गाएं। नेमीचंद सालेचा, मिस्टी भूरट ने अपने विचार व्यक्त किये। विनोद भूरट ने महासती जी के प्रति कृतज्ञता अर्पित की।

# जीतो यूथ गेम्स के तीसरे संस्करण के लिए हुई खिलाड़ियों की नीलामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो यूथ साऊथ ने फतेह स्टोन्स द्वारा प्रस्तुत जीतो यूथ गेम्स के तीसरे संस्करण की तैयारियां शुरु कर दी है।आगामी पांच माह तक चलने वाली इन प्रतियोगिताओं के लिए 180 खिलाड़ियों की हीप-होप थीम आधार पर नीलामी एक होटल में की गई। जीतो यूथ साउथ के चेयरमैन पिंकेश मेहता ने सबका स्वागत किया। मुख्य सचिव संदीप पगारिया ने पिछले दोनों सीज़न की सफलता का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जीतो लेडीज विंग साउथ की चेयरपर्सन सुनीता गांधी, यूथ एपेक्स के निदेशक विनोद जैन, संयोजक कोमल भंडारी ने युवा सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। प्रोजेक्ट संयोजक यश मेहता, खुश भंसाली और मेहुल जैन प्रतियोगिताओं के नियमों की जानकारी दी।




प्रतिभागी टीमों में मनीत व जीत गादिया की अस्टोन एवेंगर्स, अमूम बंदामूथा की पर्ल पेंथर्स प्रज्वल किरणराज गिरिया की औरे एवेंगर्स, ध्रुव व प्रीत करबावाला की पटेल स्ट्राईकर्स, मनोज भंडारी व व्रज छाजेड़ की डाईन डायनामाइट, संकेश व नेहा जैन की जैन लाईफ़ स्पेस स्ट्रार्स, राजू लुणावत व महेंद्र बोहरा की जवान पल्टन्स, विक्रम भंसाली व शांतनु की क्लिकोपीडिया खिलाडी राहुल बागरेचा की टाईन्स, नीलेश जैन की वुडलैब वॉरियर्स, शैलेष रांका की यूनिओ व पुनीत सोनीगरा की ट्रेवेंजा होलीडे टीम शामिल है। राहुल बोकाडिया, ऋषभ चोपड़ा, कुणाल मकाणा, अक्षय मेहता और तरुण मेहता ने नीलामी प्रक्रिया का संचालन किया।

# आरती बनीं खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु की अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा की साधारण सभा आशापुरा माता मंदिर में हुई जिसमें अध्यक्ष रीता पारख के सभी का स्वागत किया। परिषद की कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी कोठारी व कांता फोफलिया ने आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। महामंत्री आरती जैन ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस बैठक में सर्वसम्मति से अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ज्ञान वाटिका की उपाध्यक्ष, महामंत्री पद पर सेवा देने वाली आरती जैन को अध्यक्ष चुना गया। चेयरपर्सन किरण ललवानी के धन्यवाद दिया तथा परमेश्वरी संखलेचा ने जानकारी दी।



# विश्व धर्म चेतना की बेंगलूरु शाखा दान देगी 500 कृत्रिम पैर

बेंगलूरु। विश्व धर्म चेतना मंच एवं सिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति द्वारा सिद्धेश्वर गुरुदेव का 84वें जन्मदिवस पर आयोजित आनंद महोत्सव में बेंगलूरु शाखा की ओर से कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन द्वारा संचालित कृत्रिम पैर योजना को 84 कृत्रिम पैर देने की घोषणा की गई। शाखा पूरे वर्ष में करीब 500 कृत्रिम पैर देंगे। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष रमेश सांखला एवं योजना के सदस्य आदेश पिरगल उपस्थित थे।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com